15- MAY- BSP- P-1_Layout 1 5/15/2025 12:38 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 40.6 डिग्री

न्यूनतम 29.7 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 16 मई 2025


रपटा पुल जाने वाले मार्ग पर फल व्यापारियों ने फिर से ठेला लगाना शुरू कर दिया।




## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### काले कोट पर कैमरा लगाकर ड्यूटी करेंगे टीटीई

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन और रेलवे स्टेशन पर उगाही के नाम पर टीटीई और यात्रियों के बीच विवाद और शिकायत पर कार्रवाई से बचाने के लिए रेल प्रशासन ने अब ड्यूटी करने वाले टीटीई स्टाफ को बॉडी वार्न कैमरा दिया है, जिसे टीटीई स्टाफ अपने काले कोट के ऊपर लगाकर ड्यूटी करेंगे। बिलासपुर मंडल वाणिज्य विभाग ने 50 टिकिट चेकिंग स्टाफ को बॉडी वार्न कैमदा प्रदान किया है, जिससे सफर के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति की निगरानी की जा सके। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने एक विशेष बैठक आयोजित करते हुए टिकिट चेकिंग स्टाफ को बॉडी वार्न कैमरा प्रदान कर इसके उपयोग संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन देकर यात्रियों से संवेदनशील एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 20 को

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी में 20 मई को सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में 2 निजी कम्पनियों द्वारा सेल्स मैनेजर, सेल्स एक्जिक्यूटिव, एकाउंटेंट, टेलीकॉलिंग, मशीन ऑपरेटर के 72 पदों पर भर्ती की जाएगी। 10वीं, 12वीं एवं स्नातक पास अभ्यर्थी इस कैंप में भाग ले सकते हैं। रोजगार के इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची एवं आधार कार्ड की मूलप्रति एवं छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर कैंप का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी Chhattisgarh Rojgar App के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

### पीएम पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक निर्धारित अवधि तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। इस योजना के प्रचार-प्रसार के लिए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के सहायक निजी सचिव नितेश कुमार साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को लेटर लिखे हैं। वे बच्चे जो इस साल 31 जुलाई 2025 को 18 वर्ष से कम आयु के हैं और उपरोक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे चुके हैं, वे इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल-अवार्डस डॉट जीओव्ही डॉट इन के जरिए स्वीकार किए जाएंगे।

### इम्पैनलमेंट के लिए 20 तक प्रस्ताव आमंत्रित

**बिलासपुर।** पण्डित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत निजी आवासीय विद्यालयों के इम्पैनलमेन्ट के लिए 20 मई तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान विद्यार्थियों को निजी आवासीय विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया जाता है। सहायक आयुक्त आकांक्षा पटेल ने बताया कि योजना के अंतर्गत बोर्ड से मान्यता शालाओं में से विद्यालयों का चयन किया जाना है।

## डाक्टर समेत 10 की पदस्थापना, सारे नदारद, भटकते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- दर्रीघाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिला एक्सपायर दवा

मुख्यालय से महज 10 किमी दूर बनाए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ना तो डाक्टर मिल रहे हैं और ना ही स्टाफ मौजूद है। इलाज के नाम पर छलावा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोल दिया है, लेकिन मरीजों दवा तक नसीब नहीं हो रही है।

हालत यह है कि यहां एक्सपायर दवा रखी गई है, जिससे जांचने के लिए भी कोई स्टाफ नहीं है। ऐसे में जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खुल रही है। जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल बहुत बुरा हो चुका है। शासन के निर्देश पर डाक्टरों की पदस्थापना की जा रही है लेकिन महीने दो महीने में डाक्टर अस्पताल छोड़ अपनी निजी क्लीनिक चला रहे हैं। ऐसे में सरकार द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे अस्पताल का फायदा मरीजों को नहीं मिल रहा है, यही कारण है कि गांव से दूर शहर जाकर उन्हें इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। दर्रीघाट में स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का कायाकल्प कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने यहां डाक्टर, आरएमए, नर्सिंग स्टाफ के साथ 10 लोगों की पदस्थापना की है, लेकिन 9 बजे खुलने वाला अस्पताल समय पर नहीं खुलता है। वहीं अस्पताल में जिम्मेदार के तौर पर महज सफाईकर्मी ही मिलते हैं। बताया जा रहा है कि यहां का स्टाफ मनमानी करते हुए ड्यूटी दे रहा है, कई बार शॉ काज नोटिस जारी होने के बाद भी व्यवस्था ढीली है, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के काम करने के तरीके पर भी सवाल उठाने लगा है।


आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नदारद डाक्टर व स्टाफ। स्टॉक में रखा एक्सपायरी दवा। फोटो-प्रकाश परिहार

### स्टोर में रखी है एक्सपायर दवा

ताया जा रहा है कि स्टाफ द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है, यहां सर्दी, खांसी और बुखार के लिए दी जानी वाली एक्सपायर दवा रखी गई है। कायदे से इन दवाओं को एक माह पहले ही स्वास्थ्य विभाग को वापस किया जाना चाहिए, लेकिन डाक्टर और स्टाफ के नहीं आने के कारण यह काम भी नहीं हो रहा है। ऐसे में जरूरतमंद मरीज पहुंच भी जाए तो उसे दवा नहीं दी जा सकेगी।

### डाक्टर को नोटिस दिया गया है

डाक्टर बिना बताए छुट्टी पर चले गए हैं, उन्हें नोटिस दिया गया है। स्टाफ की लापरवाही की शिकायत है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

-**डॉ प्रमोद तिवारी,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

नेहरू नगर डिवीजन व जोन कार्यालय का हाल बेहाल

## उपभोक्ताओं ने घेरा बिजली ऑफिस, 11 बजे तक कोई नहीं पहुंचा, जमकर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- उपभोक्ताओं की शिकायत नहीं सुन रहे अधिकारी

नेहरू नगर जोन अंतर्गत गंगा नगर फेस 2 और मंगला के रहवासियों ने कार्यापालन यंत्री का कार्यालय घेर दिया। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि पिछले 4 दिनों से लगातार बिजली की समस्या व्याप्त है और फ्यूज कॉल से लेकर अधिकारी तक मरम्मत को लेकर लापरवाही बरत रहे है। उपभोक्ताओं का गुस्सा इस बात पर था कि बिजली बंद होने के बाद अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे। जिसके चलते क्षेत्र में बिजली की समस्या विकराल रूप ले रही है।

नेहरू नगर जोन के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था नहीं संभल पा रही है, यही कारण है कि पिछले 4 दिनों से क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की आंखमिचौली से परेशान हैं, बिजली नहीं होने के कारण क्षेत्र में पानी की समस्या भी बनी हुई है। लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे है, क्षेत्र के व्यापारियों में खासा रोष पनप रहा है। इसी बात की शिकायत को लेकर मंगला, नेहरू नगर और गंगा नगर के 50 से अधिक उपभोक्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया। उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि फ्यूज कॉल के कर्मचारी बिजली बनाने नहीं आ रहे हैं, वहीं जहां आते हैं, वहां बिजली बनाने के नाम पर रूपयों की मांग की जाती है। कई उपभोक्ताओं की शिकायत थी कि अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय छोड़ कर घर से काम कर रहे हैं। जिस समय उपभोक्ता कार्यालय पहुंचें, उस समय ईई और एई कार्यालय में उपस्थित नहीं थे, जिसके बाद उपभोक्ताओं का गुस्सा भड़क गया हालांकि बाद में ईई ने पहुंचकर उपभोक्ताओं की शिकायत सुनी।


बिजली कट से परेशान उपभोक्ता। खाली रहा अधिकारी का चेंबर।



### सड़क पर पटाखे की तरह फूटता रहा केबल

**बिलासपुर।** कलेक्टोरेट के सामने मुख्य सड़क पर शाम 5 बजे के करीब बिजली के केबल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई और एक ओर से टूट गया। केबल मुख्य सड़क पर ही गिरा रहा, इस दौरान केबल पटाखों की तरह फूटता रहा और बिजली सप्लाई जारी रहने के कारण सड़क पर करीब 45 मिनट तक केबल जलता रहा, हर आने जाने वालों की सांसें थमी रही। करीब 1 घंटे के बाद सप्लाई काट कर ठीक की गई, लेकिन खास बात यह है कि कलेक्टोरेट जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शार्ट सर्किट होने के बाद भी बिजली विभाग के कर्मचारी काफी देरी से पहुंचे। ऐसे में लोग विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे।

### लापरवाही करने वाले एई को विभाग ने हटाया, गिरीश को नेहरू नगर की कमान

बिजली बंद के दौरान उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाने, मरम्मत में लापरवाही बरतने और विभागीय कसावट लाने के लिए बिजली विभाग ने बिलासपुर के 4 सहायक यांत्रियों का तबादला कर दिया। सीएसपीडीसीएल बिजली कंपनी द्वारा नेहरू नगर जोन कार्यालय में पदस्थ वर्तमान एई डीके साहू को तिफरा जोन में पद स्थापना दी गई है। वहीं तिफरा के हरीश कुर्रे को बिल्हा भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बिल्हा के सहायक यंत्री गिरीश श्रीवास्तव को नेहरू नगर जोन का प्रभार सौंपा गया है। वहीं हाल ही में ट्रांसफर होकर सेंदरी गए भूपेश साहू को सीएसपीडीसीएल ने पथरिया का सहायक यंत्री बनाया है। ज्ञात हो की नेहरू नगर जोन में पिछले कई दिनों से बिजली की समस्या जारी है। इस बात को लेकर क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने विभाग के आला अधिकारियों से लगातार शिकायत की है। इसके बाद चीफ इंजीनियर एके अम्बस्ट ने सहायक यंत्रियों का तबादला कर दिया है।

### जल्द किया जाएगा समाधान

तार टूटने और ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद होने पर कई बार समय लग जाता है, उपभोक्ताओं की शिकायत थी, जिसे सुना गया है, जल्द ही समाधान किया जाएगा।

-**सईद मुख्तार**
ईई, नेहरू नगर जोन

### जल्द दिया जाएगा निर्देश

गर्मी के कारण बिजली की समस्या बढ़ जाती है, लेकिन बिजली अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को गंभीरता से लेना होता है। नेहरू नगर क्षेत्र की समस्या को लेकर शिकायत पहुंची है, अधिकारियों को जल्द ही निर्देशित किया जाएगा।

-**भीम सिंह कंवर,** एमडी, विद्युत विभाग

आसमां सिटी, कोनी, रतनपुर में हुई वारदात

## तीन सूने मकानों से 10 लाख के जेवर, नकद ले उड़े चोर


चोरों ने आलमारी तोड़कर लाखों का सामान किया चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने आतंक मचाते हुए तीन सूने मकानों में धावा बोलकर 10 लाख रुपए के जेवर व नकद पार कर दिया। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रही है।

कोनी पुलिस के अनुसार, देवनगर निवासी अविनाश कोसले पिता मिथलेश कोसले पेंड्रा कोर्ट में पदस्थ हैं। 10 मई को वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने सेमरा रतनपुर चले गए थे। उनके घर में लगा सीसीटीवी कैमरा उनके मोबाइल में इंस्टाल है। 13 मई को उन्होंने अपने मोबाइल में देखा कि दोपहर 2.54 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घर की बाउंड्री को फांदकर आंगन में जा रहा है। उसके बाद वे घर आकर देखे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उनकी पत्नी कन्या कोसले ने बताया, तीन आलमारी को तोड़कर सोने का हार, सोने की लौंग, सोने की 4 लाकेट, बाली, 2 टाप्स, पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का व चांदी का नोट, 40 हजार रुपए नकद सहित 6 लाख का सामान चोरी हो गया है।

### आसमा सिटी में 2 लाख की चोरी

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमा सिटी डीलक्स कम्युनिटी हाल के पास रहने वाली संगीता पति मुक्ति प्रकाश तिग्गा ने बताया कि 11 मई की दोपहर 3 बजे अपने परिवार सहित गृहग्राम जशपुर गई थीं, 15 मई वे वापस आईं तो शांतिनगर में रूक गईं, उनके पड़ोसी ने बताया उनके घर में चोरी हो गई है। उनके पति मुक्ति प्रकाश तिग्गा ने आसमां सिटी के घर जाकर देखा तो ताला टूटा हुआ था। आलमारी से सोने का मंगलसूत्र, अंगूठी, तीन जोड़ी टाप्स, एक जोड़ी कंगन, पायल, एटीएम कार्ड, 6 हजार रुपए नकद सहित 2 लाख का सामान चोरी हो गया था।

### किसान के घर 2.50 लाख की चोरी

रतनपुर पुलिस के अनुसार, भोंदलापारा निवासी रमेश प्रधान पिता अमर सिंह प्रधान खेती किसानी करते हैं। 8 मई को वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर गांव में शादी में शामिल होने चले गए और रात 1 बजे लौट गए थे। 14 मई को पैसा की जरूरत पड़ने पर आलमारी खोलकर देखे तो 80 हजार रुपए नकद, चांदी लच्छा, चांबी गुच्छा, बिछिया, सोने का लाकेट, सोने का गेंहूदाना, सोने का टाप्स सहित 2.50 लाख का सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने आरोपी भोंदलापारा निवासी भोला नेताम पिता दुकालू नेताम 35 वर्ष को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया है।

मिनीमाता तालाब में अधूरी रिटेनिंग वॉल का हो पाया है निर्माण

## साढ़े पन्द्रह करोड़ के तालाब पुनर्विकास का काम होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी से तालापारा स्थित मिनीमाता तालाब का पुनर्विकास योजना तहत लगभग 15 करोड़ 49 लाख रूपए की लागत सौंदर्यीकरण होना था, लेकिन अधूरे रिटेनिंग वॉल निर्माण के बाद करीब डेढ़ साल से ठेका कंपनी ने काम बंद रखा है। इसलिए स्मार्ट सिटी ने ठेका कंपनी गणपति इन्फ्रास्ट्रक्चर को काम शुरू करने अन्यथा ठेका निरस्त करने अंतिम नोटिस जारी किया है।

शहर के तालापारा मिनीमाता तालाब में अधूरे रिटेनिंग वॉल निर्माण के बाद से काम बंद पड़ा है। मिनीमाता तालाब को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में बनाने के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा तालाब के पुनर्विकास व सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई थी। इस योजना के अनुसार 15 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से तालाब का पुनर्विकास किया जाना था, जिसमें पूरे तालाब की सफाई के साथ पानी को शुद्ध करने के लिए एसटीपी निर्माण तथा 950 मीटर का पाथवे बनाया जाना था और तालाब के किनारे आकर्षक 11 परगोला बनाना था। इसी तरह तालाब पहुंचने वालों के लिए बोटिंग की सुविधा के साथ तालाब के अंदर फिश हाउस भी बनाना था, जिसे बोटिंग के जरिए देखा जाता। इसके अलावा तालाब में रिटेनिंग वॉल, चौपाटी, फाउंटेन, लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन, कियोस्क और आकर्षक लाईट लगाना तथा केंटीन एवं फूड जोन भी बनाना था। इस काम में तालाब में भरा पानी आड़े आ रहा था, जिसके चलते काफी दिनों रिटेनिंग वॉल का काम अटका हुआ था। वॉल का काम शुरू कराया गया था। लेकिन रिटेनिंग वॉल का काम भी अधूरा है।

स्मार्ट सिटी ने ठेका कंपनी को जारी किया अंतिम नोटिस



### दो साल पहले हो जाना था कार्य पूर्ण

स्मार्ट सिटी द्वारा तालापारा मिनीमाता तालाब के पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण कार्य के लिए जुलाई 2022 में वर्क आर्डर जारी किया गया था। संबंधित ठेकेदार को दिसंबर 2023 तक तालाब सौंदर्यीकरण का काम पूरा कर लेना था। लेकिन साइट क्लियर नहीं था और तालाब में पानी भरा था तथा तालाब की मेढ़ पर बेजा-कब्जा पर मकान बने हुए थे। इसलिए तालाब का काम भी विलंब से शुरू हुआ था। दूसरी तरफ टेंडर अवधि के अनुसार समय सीमा दो साल पहले ही समाप्त हो गया है।

### जारी किया गया है नोटिस

पुनर्विकास योजना अंतर्गत स्मार्ट सिटी से तालापारा मिनीमाता तालाब का सौंदर्यीकरण होना था। लेकिन रिटेनिंग वॉल का अधूरा निर्माण ही हो पाया है उसके बाद से तालाब का काम बंद पड़ा है। तालाब के मेढ़ से बेजा-कब्जा भी खाली नहीं हो पाया है। इसलिए ठेका कंपनी को ठेका निरस्त करने अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

-**एसपी साहू**
प्रबंधक, स्मार्ट सिटी


हरिभूमि बिलासपुर संस्करण का

**बिलासपुर सिटी लुक 2025**




समय : दोपहर 12 से 5 बजे तक

नाम : ........................................

पता : ........................................

मो. ........................................

नोट : प्रतियां सीमित, पहले आएं पहले पाएं के आधार पर वितरण।


Brilliant Public School
Igniting Wisdom
विद्या
ESTD. 2001
Wisdom for Universal Enlightenment
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10th RESULT 2024-25
BILASPUR DISTRICT TOPPER 98.8% MS. NAISHA SHARMA
BILASPUR DISTRICT TOPPER 98.8% MS. SAMRIDDHI SINGH
98.6% MS. KRITI SAHOO
98.6% MAST. SHOURYA AGRAWAL
97.4% MS. SATVIKI JAISWAL
96.8% MS. SHIKSHA SAHU
96.6% MS. SAHANIYA PARVEEN BPS, KORBA
96.4% MS. JIYA SABWANI
96.4% MAST. HARSHIT SONTHALIA
96.4% MAST. ARCHIT AGRAWAL
96.2% MS. DHARA DEWANGAN
96% MAST. AARAV JIWNANI
96% MAST. VEER RAJ VERMA
95.6% MAST. MANNAN GOYAL
95.6% MAST. SHIVAM SARAF
94.8% MS. HARSHITA KAUSHIKI
94.8% MS. ANVESHA JAISWAL
94.6% MAST. ANANY SHARMA
94.4% MS. SUNIDHI YADAV
94.2% MS. SOUMYA SINGH
94.0% MS. SAMAIRA JAISWAL
94.0% MAST. PARTH SINHA
93.8% MAST. HARDIK KUSHWAHA
93.8% MS. KANCHAN WADHWANI
93.6% MAST. SHEIKH AYAN RAZA
93.6% MAST. YUVRAJ NAGWANI
93.2% MAST. AKSHAT SINGH PAWAR
93.2% MS. SAANVI SAHA
93.0% MS. SURBHI KASHYAP
93.0% MS. NISHI SONCHHATRA
92.8% MS. APARAJITA VERMA
92.6% MS. SHRUTI PARMAR
92.6% MAST. RUPAM BHANDARY
92.4% MAST. SOUVIK DAS PODDER
92.4% MS. ANTARA ABHISHEK LAGOO
92.2% MAST. SHEERSH SHUKLA
92.2% MAST. YAJAT KUMAWAT
92.2% MS. PRANJALI NECHWANI
91.8% MAST. ABHINAV KASHYAP
91.8% MS. AKARSHI SAHU
91.6% MS. TANYA MADWANI
91.4% MAST. SAKSHAM SINGH
91.4% MS. HIMANSHI GOYAL
91.2% MS. ADITI SHUKLA
91.2% MS. SIMRATA KAUR UPWEJA
91.0% MAST. ANSH SINGH TALREJA
91.0% MS. VIDUSHI LADHA
91.0% MS. ANUSHKA SAHU BPS, KORBA
90.8% MAST. B. SHUBHRANSHU
90.8% MS. RADHIKA BAJAJ
90.6% MAST. ANUNAY HATTI
90.6% MAST. SIDDHARTH GOYAL
90.4% MS. AASTHA LAHREY
90.4% MS. MANNAT NOTANI
90.2% MAST. CHAITANYA PANDEY
& many more...
CBSE 12th RESULT 2024-25
BILASPUR DISTRICT TOPPER SCIENCE STREAM SCIENCE 96.6% MS. MIMANSHA AGRAWAL
SCIENCE 96.2% MAST. ISHAN VINAY SONI
COMMERCE 95.4% MAST. SHUBH AGRAWAL
SCIENCE 94.6% MS. GOURI AGRAWAL
COMMERCE 94.0% MAST. ANURAG TIWARI
SCIENCE 93.6% MAST. ADITYA RAJ AGRAWAL
COMMERCE 93.4% MAST. ARNAV SONI
COMMERCE 92.4% MAST. NEELANJAN CHATTERJEE
COMMERCE 91.6% MS. REET SALUJA
COMMERCE 90.6% MS. ARSHIYA AGRAWAL
& many more...
AdPRAYAS
★ ★ ★ Best Wishes From Brilliant Fraternity ★ ★ ★
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2025-26
OUR BRANCHES
BPS BAHATARAI (CORP. OFFICE)
CLASS NURSERY TO XII
SCIENCE I COMMERCE I HUMANITIES
Bahatarai Seepat Road, Bilaspur
: 8251822772, 8251822774
: brilliant_bsp@yahoo.com
BPS MISSION ROAD
CLASS NURSERY TO VIII
Mission Hospital Road, Bilaspur
: 07752-406967, 409584
: missioncampus@brilliantbsp.com
BPS VYAPAR VIHAR
CLASS NURSERY TO VIII
Near Rama Port, Bilaspur
: 07752-412298, 9111236000
: bpsvv@brilliantbsp.com
: www.brilliantbsp.com
BPS, KORBA (C.G.)
CLASS MONTESSORI TO XII
SCIENCE | COMMERCE | MATHEMATICS
Stadium Road, Tulsinagar Square
: 9111992000
: bpskorba@gmail.com
www.brilliantkorba.com
BPSV, AMBIKAPUR (C.G.)
CLASS NURSERY TO VIII
Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur (C.G.)
: 8985442000, 8985443000
: info@brilliantabkp.com
www.brilliantabkp.com

## खबर संक्षेप

### भाजपा की तिरंगा यात्रा कल

**तखतपुर**। आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन 17 मई को किया जा रहा है। इसके तहत शाम 4 बजे श्रीराम सदन से यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया जाएगा।

## निधन

### गजेन्द्र कुमार शर्मा



**बिलासपुर**। जलाराम मंदिर टिकरापारा निवासी गजेन्द्र कुमार शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे सौरभ शर्मा, ऋचा शुक्ला के पिता और अखिलेश शुक्ला ससुर थे।

### ओजे पैगवार



**बिलासपुर**। मगरपारा निवासी ओजे पैगवार का 90 वर्ष की आयु में 15 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मई को शाम 5 बजे सिंधी कालोनी जरहाभाठा स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे अतुल राज, श्रीमती अलका आसना एवं श्रीमती अनुपमा कुमार के पिता थे।

### आरके यादव



**बिलासपुर**। गीतांजलि सिटी निवासी आरके यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 16 मई को दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे यशपाल यादव के पिता थे।

### तिजिया बाई साहू



**दगोरी**। ग्राम के पूर्व सरपंच स्वर्गीय फेकूराम साहू की धर्मपत्नी तिजिया बाई साहू का हो निधन गया।स्थानीय मुक्तिधाम में इनका अंतिम संस्कार किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नजदीकी रिश्तेदार ग्रामवासी उपस्थित थे।वे शत्रूहन साहू, चैतराम, राजेंद्र साहू की माता थी।

### लोग अवैध रूप से कर रहे मकान व दुकानों का निर्माण

# तखतपुर में डायवर्सन नहीं होने से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पिछले दो वर्षों से तखतपुर शहर सहित दो दर्जन से भी अधिक गांव में डायवर्सन का कार्य नहीं हो रहा है। डायवर्सन नहीं होने से कई लोगों का घर बनाने का सपना पूरा नहीं हो रहा है। किसी भी मकान निर्माण की अनुमति नगर पालिका तभी देती है जब मकान बनाने वाले का जमीन का डायवर्सन हो चुका होता है। डायवर्सन बंद कर देने से जहां सैकड़ों अवैध निर्माण हो रहे हैं, वहीं इससे शासन को अरबों रूपए का नुकसान हो रहा है।

पिछले दो वर्षों से मकान बनाने के लिए जमीन का डायवर्सन कराने के लिए लोग कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले दो वर्ष में तखतपुर क्षेत्र में सैकड़ों रजिसट्रियां हुई है और लोग अपना मकान भी बनवा रहे हैं, लेकिन मकान बनाने के लिए नगरपालिका से कोई अनुमति नहीं ले रहे है। इसका प्रमुख कारण यह है कि शासन की ओर से तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र सहित गनियारी तहसील के गांव बरेला, निगारबंद, पड़रिया, टिहुलाडीह, नगोई, कुंआ, अमोलीकापा, जरेली, खपरी, लिदरी, जरौंधा, अरईबंद, गुनसरी, करही, मोढ़े, बेलसरी, भाड़म, घुटकू, पोंड़ी, देवरीकला, चोरभट्ठीखुर्द, चोरभट्ठीकला, खजुरी नवागांव, घोंघाडीह, बेलटुकरी, पर्थरा, नेवरा, मोहनभाठा, भुण्डा, लमेर, भरारी, भरनी, भौंवाकापा के कुल क्षेत्रफल 17360. 93 हेक्टेयर जमीन का डायवर्सन नहीं किया जा रहा है। डायवर्सन न होने के कारण जनता परेशान है और इस बात को लेकर कई बार शिकायत भी की गई है।




अनुविभागीय कार्यालय।

**बिना अनुमति के बन रहे है मकान**

नगरपालिका क्षेत्र में जब कभी कोई व्यक्ति अपना घर या दुकान बनाता है तो इसके लिए उसे नगरपालिका से अनुमति लेनी होती है। जमीन का डायवर्सन नही होने पर नगरपालिका अनुमति नहीं देती है। क्षेत्र में डायवर्सन नहीं होने के कारण अवैध रूप से मकान व दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

**लोन नही मिलता**

किसी भी बैंक द्वारा घर बनाने के लिए उसी जमीन के आधार पर लोन दिया जाता है जिस पर घर बनाया जाएगा, इसके लिए उस जमीन का डायवर्सन अनिवार्य होता है। डायवर्सन न होने से बैंक भी ऋण उपलब्ध नहीं करा पाते हैं। इसके कारण बैंक का तखतपुर क्षेत्र में व्यापार कमजोर हो गया है।

**राजस्व की धारा 16 के तहत प्रतिबंध**

नगरपालिका क्षेत्र सहित तखतपुर विधानसभा के दो दर्जन से भी अधिक गांव ऐसे हैं, जहां डायवर्सन होना बंद हो गया है। धारा 16 के अंतर्गत तखतपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ग्रीन जोन, आवासीय, व्यवासीयक क्षेत्र, अद्योगिक क्षेत्र के तहत अलग अलग सीमांकन किया जाना है, जिसकी वजह से डायवर्सन बंद कर दिया गया है।

**शुरू किया जाएगा कार्य**

शासन की ओर से राजस्व की धारा 16 के तहत तखतपुर नगर सहित कुछ गांवों का चयन कर डायवर्सन बंद किया गया है। जैसे ही शासन से आदेश आएगा डायवर्सन कार्य शुरू किया जाएगा।

**-शिव कुमार कंवर**, एसडीएम तखतपुर



# श्री राधा-कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**सरगांव**। सरगांव स्थित त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल परिसर में 15 मई से 17 मई तक श्री राधा-कृष्ण की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

यह तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अनुपम छवि प्रस्तुत करेगा। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार की सुबह मोहभट्ठा तालाब से प्रारंभ होकर भव्य कलशयात्रा मंदिर परिसर पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के साथ गणेश पंचांग पूजन तथा जलधिवास प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिपं सदस्य अम्बालिका साहू, नपं अध्यक्ष परमानंद साहू, मोहभट्ठा सरपंच गणेश वर्मा, जपं सदस्य मनीष साहू, पोषण यादव, रामकुमार कौशिक, महामाया समिति अध्यक्ष शिव पाण्डेय, सचिव ललित यादव, भगवती मिश्रा, राजकुमार साहू, दिलीप साहू, अशोक कंवर, शिव निर्मलकर, उदित साहू, दुकलहा साहू, पप्पू तिवारी, ब्रजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धालु उपस्थित रहे। आज कार्यक्रम का दूसरा दिन अन्नादिवस के रूप में मनाया जाएगा एवं 17 मई को हवन पूजन एवं न्यास प्रतिष्ठा की पावन विधि संपन्न होगी। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित किया जाएगा।

# अवैध उत्खनन करते वाहन व मशीनें जब्त, खनिज विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में बिलासपुर खनिज अमले ने 10 और 13 मई को दैजा, बीजा, तखतपुर, मोढ़े, बेलसरी, सकरी, मंगला, धुरिपारा, कुडूदंड, कोनी एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की। बेलसरी क्षेत्र से खनिज मिट्टी का उत्खनन एंव परिवहन करते 1 जेसीबी सहित 3 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना तखतपुर को सुपुर्द किया गया तथा कुडूदंड क्षेत्र से बिना अनुमति और अभिवहन पास के खनिज रेत का उत्तखनन और परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रेक्टर वाहनों को खनिज नियमों के तहत जब्त कर पुलिस थाना कोनी में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है।



### 10वीं में हर्षिता को मिले 96% अंक



**तखतपुर**। डीपीएस में कक्षा 10वीं की पढ़ाई करने वाली छात्रा हर्षिता गागवानी ने सीबीएससी बोर्ड में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर छात्रा ने तखतपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता कमल गागवानी व्यवसायी एवं माता सोनी गागवानी गृहणी हैं। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

# बचपन गुरुकुल प्ले स्कूल में निशुल्क समर कैंप

**पेंड्रा**। बचपन गुरुकुल प्ले स्कूल अमरपुर द्वारा स्व चांदबाई घड़सीराम महलवाला कि स्मृति में निशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप का शुभारंभ 24 मई शनिवार सुबह 9 बजे होगा। कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के नौनिहालों का विद्यालय से निरंतर संपर्क बना रहे, साथ ही ग्रीष्मावकाश में मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानार्जन भी हो, इस उद्देश्य हेतु प्ले वे मिक्स मीडियम विद्यालय नगर के सभी नौनिहालों के लिए ग्रीष्मावकाश शिविर का आयोजन कर रहा है। इस कैंप में व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ विविध मनोरंजन खेल आर्ट एंड क्राफ्ट रंगोली हस्तकला प्रशिक्षण तथा सांस्कृतिक गतिविधियां भी सिखाई जाएंगी। दुर्गा मंदिर, ब्लाक कालोनी, सुराजी कालोनी पुराना बस स्टैण्ड, बजरंग चौक, आजाद चौक, नया बस स्टैण्ड, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, पंचम कालोनी अग्रसेन भवन, अमरपुर, लटकोनी, गिरारी, नवागांव के लिये निशुल्क वाहन सुविधा भी उपलब्ध है। संस्थान प्रमुख अधिवक्ता गुलाब अग्रवाल ने कहा है कि बदलते समय के साथ दायित्व नहीं बदले, लेकिन इन दायित्वों को पूरा करने की जिम्मेदारी बंट गई। नौनिहालों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों, परिवारों तथा सामाजिक संस्थानों की भी होती है।बच्चों व साथ उनके अभिभावकों को भी समर कैंप में आमंत्रित किया गया है।




समाधान शिविर में नशामुक्ति का स्टाल।

# ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए किया जागरूक

**मुंगेली**। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर ग्राम पंचायत सेमरसल में समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया। स्टाल में उपस्थित 20 ग्राम पंचायत के आमजनों को पाम्पलेट के माध्यम से समाज कल्याण के तत्वावधान से संचालित एकीकृत पुनर्वास केंद्र नशामुक्ति में उपलब्ध सुविधाओं, निःशुल्क-ईलाज, निवास, भोजन एवं परामर्श के विषय मे जानकारी देकर आमजनों को नशामुक्त रहने और नशायुक्त का ईलाज की सलाह व जानकारी दी।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 16 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



उत्सव

## महाविति स्थल का द्वितीय वार्षिकोत्सव पर्व मनाया गया



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह, अघोर पीठ सेन्दरी, कोनी प्रागण में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम महाविति स्थल का द्वितीय वार्षिकोत्सव पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंदिर में पूजन, अघोरचार्य महाराज श्री के विग्रह की आरती ललचात 4 महाविभूति स्थल पर पूजन व भारती शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा के द्वारा किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में भारापारा, मुंगेली, पंडारिया, खरसिया, बाड़फनगर बालको, किरारी, रायगढ़ से सैकड़ो अघोरखर मन्त्रा समुक्त्ति सम्मनित हुए। आरती के पश्चात 24 घण्टे का आखाम कीर्तन सुबह 8:35 से प्रारंभ होकर अगले दिन सुबह सम्पन्न हुआ। सभी शाखाको के भक्तो ने 22 घण्टो की पारी में संकीतन किया। आश्रम में प्रसाद वितरण की व्यवस्था किया गया। यहाँ के स्थानीय विधायक सुशांत शुक्ला के अलावा कई लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम

## जयंती पर शंभाजी महाराज के विचारों का स्मरण



**बिलासपुर।** स्वराज यूथ समिट के तत्वावधान में संभाजी महाराज की 369वीं जयंती के उपलक्ष्य में मां तुलजा भवानी मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण किया गया। समिट के सदस्यों ने राष्ट्रहित, समाज कल्याण और आत्मनिर्भर भारत की कामना के साथ प्रार्थना की। प्रार्थना के बाद सभी सदस्य रेलवे स्टेशन क्षेत्र पहुंचे। जहां उन्होंने जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। साथ ही स्वराज और छत्रपति शंभाजी महाराज के विचारों का भी स्मरण कर बताया गया कि शंभाजी महाराज केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि स्वराज के प्रणेता थे। स्वराज का अर्थ केवल शासन नहीं, बल्कि आत्म-सम्मान, सामाजिक न्याय और जनहित के लिए समर्पण है। यही संदेश आज के युवा समाज तक पहुंचा रहे हैं। गौरतलब है कि स्वराज यूथ समिट का मुख्य आयोजन 13, 14 और 15 जून को कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में होने जा रहा है। जिसमें राज्यभर से युवा विचारक, समाजसेवी और नेतृत्वकर्ता एकत्रित होंगे। यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रनिर्माण की भावना को और प्रबल करने का माध्यम बनेगा।

**स्वराज यूथ समिट का आयोजन**

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर स्वराज यूथ समिट के संस्थापक प्रत्युष प्रफुल्ल गेडाम, सह संस्थापक आदित्य शास्त्री, महानिदेशक यथार्थ कश्यप, महासचिव इकनुर कौर राणा, सिद्धार्थ तंबोली, जिला मराठा समाज अध्यक्ष शशांक चौहान, युवा मराठा सेना अध्यक्ष बादल बाकरे, वंशिका सिंह, शुभम आनंद, ऐश्वर्या शुक्ला, विक्रांत सिंह, रौनक धमेचा, नक्ष मिश्रा सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

रिजल्ट

## ब्रिलियन्ट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को 10 वीं व 12 वीं में सर्वाधिक अंक मिले



**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाकर शाला व शहर का नाम रोशन किया है। इस स्कूल अनुभवी फैकल्टी, इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सटीक मार्गदर्शन द्वारा बच्चों की सफलता सुनिश्चित की जाती है।

इस बार के 12 वीं टॉपर्स की लिस्ट में साइंस स्ट्रीम के स्टूडेंट्स मिमांशा अग्रवाल ने 96.6% , ईशान विनय सोनी 96.2% , गौरी अग्रवाल 94.6 % एवं आदित्य राज अग्रवाल ने 93.6 % अंक प्राप्त किया है। इसके साथ ही 12वीं कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थी भी अद्वितीय रूप से चमके। इनमें शुभ अग्रवाल, 95.4 % , अनुराग तिवारी 94% , अर्णव सोनी 93.4 %, नीलांजन चटर्जी 92.4% , रीत सलूजा 91.6% और अर्शिया अग्रवाल ने 90.6 % अंकों से उत्तीर्ण होकर स्कूल को गौरवान्वित किया। बोर्ड एग्ज़ाम्स के रिजल्ट्स में 10वीं के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें नाइशा शर्मा 98.8%,समृद्धि सिंह 98.8%,कृति साहू 98.6%,शौर्य अग्रवाल 98.6%, सात्विकी जायसवाल 97.4%, शिखा साहू 96.8%, जिया सबवानी 96.4%, हर्षित सोंठालिया 96.4%, अर्चित अग्रवाल 96.4%, धरा देवांगन 96.2% , आरव जीवनानी 96%, वीर राज शर्मा 96%, मनन गोयल 95.6% एवं शिवम सराफ ने 95.6 %, अक्षत सिंह पवार 93.3 अंक प्राप्त करके स्कूल का एवं पेरेंट्स का नाम रोशन किया। आगे भी ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ऐसे शानदार रिजल्ट्स के लिए प्रतिबद्ध है।

# एग्रीकल्चर कॉलेजों में प्रवेश के लिए 10 केंद्रों में एग्जाम




**बिलासपुर।** व्यापम द्वारा गुरूवार को शहर के 10 केन्द्रों में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट का आयोजन किया गया। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 तक हुई, जिसमें शहर सहित जिले के 3 हजार 210 अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दिलवाने पंजीयन कराया था। इसमें 1623 ने ही परीक्षा दिलवाई, शेष 1587 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। एग्जाम देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया की फीजिक्स व कैमेस्ट्री के प्रश्नों ने परेशान किया है। इस विषय के पूछे गए प्रश्नों को हल करने में समय लगा। वहीं बायो से जुड़े प्रश्न आसान थे,जिसे कम समय में ही हल कर लिया गया। इन्होंने बताया की तीन घंटे की परीक्षा में 150 अंक की परीक्षा हुई, जिसमें कोई माइनस मार्क नहीं था। इसका रिजल्ट जून में आएगा, जिसके बाद रैंक के आधार पर प्राईवेट व शासकीय कॉलेजों में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के पहले आधार कार्ड व एडमिट कार्ड के जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। आधार कार्ड अपडेट ना होने से कई परीक्षार्थीयों को परीक्षा से वंचित होना पड़ा।

### परीक्षा से वंचित हुए छात्र

माधवराव सप्रे शिक्षा महाविद्यालय, गौरेला में परीक्षा केंद्र पर दर्जन भर छात्राओं को परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया। स्टूडेंट का कहना है कि परीक्षा केंद्र के आयोजकों ने आधार कार्ड अपडेट न होने का हवाला देते हुए परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं करने दिया, जिसके बाद सभी छात्र छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आपबीती बताई।

**नहीं दे सके पीएटी परीक्षा:** पीड़ति छात्राओं का कहना है कि समय पर अपना पंजीकरण कराया था और प्रवेश पत्र भी साथ लेकर पहुंची थीं,लेकिन आधार कार्ड में मामूली त्रुटि को आधार बनाकर उन्हें परीक्षा में बैठने से रोक दिया गया. इससे निराश होकर छात्राएं जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और वहां अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज कराई।



### ऑनलाइन होगी काउंसलिंग

छत्तीसगढ़ के कृषि महाविद्यालयों के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी, जिसमें सीटों का आवंटन अगस्त में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग में हिस्सा लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करना और दस्तावेज अपलोड करने होंगे, जिनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान असफल लेनदेन हुई हो,काउंसलिंग में शामिल होने के लिए दिशा-निर्देश एवं समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेंगे।

### इंजीनियरिंग के बाद एग्रीकल्चर बनी पसंद

प्राप्रेसर आर के सक्सेना ने बताया की गणित विषय के छात्रों का पहले एक समय था,जब सिर्फ इंजीनियरिंग के ही फील्ड में ही जाना पहली पसंद बन गई थी। मगर कुछ वर्षो से छात्रों का रूझान एग्रीकल्चर की ओर बढा है। जिससे पीएटी में एग्जाम देने की संख्या में भी ईजाफा हुआ है, और अब शासकीय कॉलेजों में प्रवेश पाने छात्रों के बीच कड़ी स्पर्धा रहती है।

## अग्रज नाट्य दल की 40 दिवसीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ



**बिलासपुर।** कला, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित 40 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पार्षद एवं एमआईसी सदस्य संजय यादव, लक्ष्मी नारायण तथा विजय ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अग्रज के नवोदित रंगकर्मी क्षितिज महोबिया के वक्तव्य से हुई, जिन्होंने अग्रज नाट्य दल की रंग-यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि "अग्रज केवल नाटकों का मंचन भर नहीं करता, बल्कि समाज में जन-जागरूकता फैलाने का माध्यम भी बनता है।"इसके पश्चात वरिष्ठ एवं नवोदित रंगकर्मियों द्वारा एक गीत प्रस्तुत किया गया, जो जल संरक्षण एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन जैसे समसामयिक मुद्दों पर आधारित था। गीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को एक सार्थक सामाजिक संदेश से जोड़ते हुए उपस्थित जनों को अभिभूत कर दिया। पिछली कार्यशाला में भाग ले चुके प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कार्यशाला ने उन्हें न केवल अनुशासित बनाया, बल्कि सोचने-समझने की दृष्टि का भी विस्तार किया। कार्यशाला के अतिथि लक्ष्मी नारायण ने अपने उद्बोधन में कहा, "अग्रज की कार्यशालाएँ प्रतिभागियों के भीतर छिपी रचनात्मकता को बाहर लाने का माध्यम बनती हैं। यह केवल अभिनय की शिक्षा नहीं देतीं, बल्कि सोचने की नई दिशा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों के प्रति जिम्मेदारी भी विकसित करती हैं। ऐसी कार्यशालाएँ युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।"मुख्य अतिथि संजय यादव ने अपने वक्तव्य में कहा, 32 वर्षों से कला साधना में लीन अग्रज नाट्य संस्था हर वर्ष विभिन्न वर्गों और आयु समूहों के लोगों को रंगमंच की बारीकियों से परिचित कराते हुए न केवल उनके आत्मविश्वास को सशक्त करती है, बल्कि उनके करियर और जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस मंच से जुड़कर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। विजय ताम्रकार ने कहा, "अग्रज नाट्य दल द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समय-समय पर जनजागरूकता के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। इस 40 दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से अग्रज नाट्य दल युवा प्रतिभाओं को न केवल अभिनय कौशल सिखा रहा है, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने का भी कार्य कर रहा है।

## आओ संवारे कल अपना : पुलिस लाइन में हो रहा बच्चों का चहुंमुखी विकास

**बिलासपुर।** चेतना अभियान के तहत जिले में आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम का आयोजन पुलिस में किया जा रहा है। जहां विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इस अभियान में विभिन्न समाज सेवी संस्थान बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। अभियान का आयोजन एक महीने तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा में बिलासपुर जिले में कम्युनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम चेतना अभियान के तहत आओ संवारे कल अपना का आयोजन पुलिस लाइन में किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेल, कला और मनोरंजन जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, रनिंग, बैडमिंटन, कराटे सेल्फ डिफेंस, खो-खो, योगा, जुंबा, पीटी आदि के साथ कला में क्राफ्ट आर्ट, पेंटिंग ड्राइंग आदि का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है। साथ ही साथ बच्चों को भाषण वाद-विवाद कविता निबंध लेखन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के लिए विशेष प्रशिक्षक राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक और पुलिस विभाग के विभिन्न खेल के खिलाड़ी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### विभिन्न समाज सेवी संस्थान भी ले रहे बढ़ चढ़कर हिस्सा




### कसौंधन वैश्य समाज ने लगाया शिविर

इसी क्रम में कसौंधन वैश्य समाज के महिला संगठन द्वारा सेल्फ डिफेंस की प्रशिक्षण शिविर आयोजन के लिए आग्रह किए जाने पर महिला एवं बच्चों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यी शिविर जूना बिलासपुर स्थित कसौंधन वैश्य समाज भवन में किया गया। जिसमें समाज के बच्चे और महिलाएं शामिल हुईं। शिविर के समापन में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर रतनपुरिया कसौंधन गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष रशिम गुप्ता, संरक्षक जोसना गुप्ता, सीमा गुप्ता, शारदा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीता गुप्ता, संरक्षक वीणा गुप्ता, किरण गुप्ता, ईश्वरी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

एक्सप्लोजन क्रिकेट प्रतियोगिताः विशाखापट्टनम में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

# नायक रॉयल को रोमांचक मैच में हराकर फाउंडेशन की टीम ने जीत दर्ज की



स्पोर्ट्स न्यूज



**बिलासपुर।** विशाखापट्टनम में आयोजित फ्रेंडली एक्सप्लोजन क्रिकेट प्रतियोगिता में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और और विशाखापट्टनम की टीम नायक रायल की टीम को हराकर फ्रेंडली मैच में अपना दबदबा बनाया है।

विशाखापट्टनम एक्सप्लोजन क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान बिलासपुर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों का दूसरे दिन का मैच नायक रॉयल्स विशाखापट्टनम की टीम से हुआ जिसमें फाउंडेशन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 334 रन बनाएं । विशाखापट्टनम की नायक रायलस टीम को 335 रन का लक्ष्य दिया लेकिन लेकिन विपक्ष टीम केवल 49 ओवर में आल आउट हो गई और उन्होंने 320 रनबनाए। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों ने रोमांचक मैच में शानदार जीत की है। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज समीर पैकरा को दिया गया। विशाखापट्टनम में पहला मैच एसीई सोयत्तम विशाखापट्टनम की टीम तथा तथा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी बिलासपुर की टीम से हुआ। जिसमें विशाखापट्टनम की एसीई सोयत्तम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 336 रन बनाएं। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी 46 ओवर में 228 रन बनाकर आल आउट हो गई और बिलासपुर की टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतियोगिता में विशाखापट्टनम और बिलासपुर के खिलाड़ियों ने सीरीज में एक-एक मेंच जीतकर बराबरी पर सफलता अर्जित किया। विशाखापट्टनम में आयोजित फ्रेंडली क्रिकेट मैच में वहां के सीनियर कोच अविनाश अन्ना ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और पुरस्कार प्रदान किया। फाउंडेशन के खिलाड़ी हर वर्ष विशाखापट्टनम तथा दूसरे राज्यों में टिकट प्रतियोगिता में भाग लेने जाते हैं। यह मैच टीम के कोच करन कुर्रे के मार्गदर्शन में खेला गया।

### समीर तथा वरण जीत का शानदार प्रदर्शन

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी की टीम के खिलाड़ियों में समीर पैकरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता। वरन जीत ने प्रतियोगिता में 80 रन बनाकर, टीम को जिताने में अपना योगदान दिया। इसके अलावा बल्लेबाज ओम कंवर ने 36 और साहिल ने 33 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूती दी। मयंक ने तीन विकेट लिए,अरव साहू ने शानदार गेंदबाजी की। इसके अलावा फाउंडेशन की टीम से सुक द्विवेदी, अभिजीत साहू, सात्विक बत्रा, हर्षित देवांगन रेहान खान, अनिरुद्ध मिश्रा, मयंक सिंधवानी, यस,अनुज ने प्रतियोगिता में खेल मैदान में शानदार प्रदर्शन किया। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी टीम के कप्तान वरन जीत ने दोनों मैच में शानदार प्रदर्शनकिया। और अपनी टीम को बराबरी पर लाया।



### कबड्डी प्रीमियर लीग के 10 वे सीजन का आगाज, 18 तक चलेगा

छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग के 10 वे सीजन का आगाज ग्रीन पार्क खेल मैदान मुंगेली नाका में किया गया। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की जिला कबड्डी संघ की मेजबानी 18 मई तक चार दिवसीय रात्रिकालीन पुरुष प्रो छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जब से छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है तब से लेकर आज तक छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग पुरुष वर्ग मे 8 टीमो के मध्य लीग मैच आयोजित किया जाएगा, ऊपर की चार टीम सेमिफाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी टोटल 96 पुरुष खिलाडी, 8 कोच व 8 मैनेजर टीम मे रखा गया है। 16 निर्णायिक छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ से चयनित निर्णायिक मैच मे निर्णायक की भूमिका निभाएंगे, इस प्रतियोगिता मे प्रथम पुरुष्कार 1लाख रु व ट्रॉफी, द्वितीय पुरुस्कार 71 हजार रु व ट्रॉफी तृतीय पुरुष्कार 51 हजार रु व ट्रॉफी व चतुर्थ पुरुष्कार 31 हजार रु ट्रॉफी रखा गया है। इसके अलावा प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी को 21 हजार रु स्पोर्ट्स रेंजर साइकिल, बेस्ट रेडर को 51 सौ रु व ट्रॉफी, बेस्ट लेफ्ट कार्नर, को 5100 रु व ट्रॉफी बेस्ट राइट कार्नर 5100 रु व ट्रॉफी, बेस्ट लेफ्ट कवर को 5100 रु व ट्रॉफी व बेस्ट राइट कवर को दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग चैयरमेन हेमंत यादव आयोजन समिति अध्यक्ष जीवन मिश्रा, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव प्रदीप यादव, जिला खेल अधिकारी अवधराम चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक के पी कश्यप, रामकुमार टंडन, महेन्द्र पटेल, बलवंत झा, राकेश देवागन, बद्री राजपूत, जितेंद्र मिश्रा, कौशल कश्यप आदि जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया सीसी रोड का भूमि पूजन



**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 में महापौर ने सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर, अध्यक्ष, पार्षद व बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। तोरवा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 में काफी दिनों जर्जर सड़कों व जलनिकासी की समस्या से वार्डवासी परेशान थे। वार्ड में सीसी रोड बनाने की मांग काफी दिनों से की जा रही थी। गुरुवार को शिव मंदिर से दुर्गा चौक सुखू किराना से विनोद सिंह के घर तक सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती पूजा विधानी, एमआईसी मेंबर, जोन अध्यक्ष मंडल, वार्ड पार्षद मोती भाऊ व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने किया मंत्री शाह का पुतला दहन



**बिलासपुर।** मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह का गुरुवार को कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया। पुतला दहन के पूर्व पुलिस कर्मियों और कांग्रेसियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि सिंदूर ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली, देश की आन-बान और शान, जिस पर पूरे देश को गर्व है। मातृ शक्ति कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा के मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित, स्तरहीन बयान देना सनातन धर्म की परिपाटी के विपरीत है। कांग्रेस मांग करती है कि विजय शाह को मंत्री मण्डल से तत्काल हटाया जाए और उसे देशद्रोह के अंतर्गत गिरफ्तार किया जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व सभापति शेख नजीरुद्दीन, संयुक्त महामंत्री देवेंन्द्र सिंह, राजेन्द्र साहू, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, महामंत्री समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, मोती ठारवानी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेरू असलम, जगदीश कौशिक, वरिष्ठ पार्षद शहजादी कुरैशी, स्वर्णा शुक्ला, , अन्नपूर्णा ध्रुव, गोदावरी वस्त्रकार, शुभ लक्ष्मी, ब्रम्हदेव ठाकुर, देवदत्त शर्मा, अशोक शुक्ला, उत्तरा सक्सेना आदि थे।

### अवैध यात्रा रोकने वाला टिकिट परीक्षक सम्मानित

**बिलासपुर।** हीराकुंड एक्सप्रेस में अवैध यात्रा को रोकने वाले टिकिट परीक्षक बीएस साहू को मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने सम्मानित किया है। कुछ दिन पहले हीराकुंड एक्सप्रेस में कार्य करने वाले आनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस के सुपरवाइज तीन व्यक्तियों को अवैध रूप से ट्रेन में सफर करते हुए पकड़े गए थे। उक्त व्यक्तियों को संबंधित सुपरवाइजर पैसे लेकर उनका यूनिफार्म पहनाकर ट्रेन में चढ़ाया गया था, ताकि वे वैध कर्मचारियों के रूप में सफर कर सकें। ट्रेन टिकिट परीक्षक बीएस साहू ने संदेह के आधार पर जांच करते हुए धोखाधड़ी का भंडाफोड़ कर आरपीएफ के सुपुर्द किया। इस कार्य के लिए सम्मानित करने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने अनुशंसा की गई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम राजमल खोईवाल ने बीएस साहू को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है।

### यूटीडी की समस्या लेकर रजिस्ट्रार से मिलने पहुंचे स्टूडेंट्स

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के छात्र-छात्राओं ने शिक्षण विभाग में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे से मिलने पहुंचे थे।



छात्रों ने भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिए जाने की मांग रजिस्ट्रार के समक्ष रखी है। अटल यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं आज रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे थे। छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे से मिलकर अपनी समस्याएं रखी। छात्रों ने इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश दिए जाने की मांग रखी है। इसी तरह यूटीडी में परीक्षा फार्म भरने की तिथि को बढ़ाए जाने की मांग भी की गई है। यूनिवर्सिटी में श्रीजन वार्षिक यूथ फेस्ट आयोजित किए जाने और विद्यार्थियों सहित कर्मचारियों के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने एवं स्पीड ब्रेकर्स को हटाए जाने तथा सिलेबस को लेकर रजिस्ट्रार से चर्चा की। छात्रों का कहना है कि इतीन भीषण गर्मी में वे यूनिवर्सिटी आते हैं परन्तु मुश्किल से उनकी दो कक्षाएं ही लग पा रही है। इसके साथ ही पार्किंग अव्यवस्थित है जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। यूनिवर्सिटी में कल्चरल एवं स्पोर्टस एक्टिविटी के लिए अधिकारी और शिक्षक ध्यान नहीं देते केवल दिखावे के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। छात्रों ने रजिस्ट्रार श्री दुबे को तीन दिवस भीतर विभागों से विचार-विमर्श कर अवगत कराने बात कही है। रजिस्ट्रार से मिलने वालों में सौरभ दुबे, नीरज यादव, स्वप्निल, प्रदीप, सारांश, प्रगति, अंजली, हिमालय, भावेश, सचिन, चिन्मय, हिमांशु, श्रेया, सूरज सिंह आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक सम्पन्न, बनी रणनीति

**बिलासपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक बुधवार को पुराने सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में कर्मचारी और अधिकारी हितों को लेकर चर्चा की गई। फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हम कर्मचारियों के सभी मुद्दों को प्रमुखता से शासन के समक्ष रखते हैं, हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत कर्मचारियों को उनके हितों की रक्षा करना व लाभ पहुंचाना है। विगत 2025 में हमने कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता, एचआर में बढ़ोतरी के साथ साथ सभी कैडर संघों के मांग के अनुरूप संघर्ष करके अपनी जायज मांगों को पूरा कराया है। आने वाले वर्षों में भी हम प्रदेश के 6 लाख से अधिक कर्मचारियों को महंगाई भत्ता के साथ आठवें वेतन आयोग, केशलेश चिकित्सा आदि मांगों को पूर्ण कराने के लिए संघर्ष करेंगे। बैठक का संचालन संभागीय अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने किया। बैठक में बी पी शर्मा, सत्येंद्र देवांगन, सुनील कौशिक, मनीष श्रीवास्तव अभियंता, राजश्री गौरहा, केके गोपाल, प्रवीण कुमार गुप्ता, कैलाश गजभिये, राजेन्द्र दवे उप प्रांताध्यक्ष, भूषण पांडेय, विनोद तिवारी, अरुण तिवारी, डॉ. विष्णु, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

**नहीं की जा रही है कार्रवाई** | **गीतांजलि सिटी का वीडियो हो रहा वायरल**

# छोटा बच्चा ढा रहा कुत्ते के मासूम बच्चों पर जुल्म, लगाई नहीं जा रही रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पशु प्रेमी उक्त बच्चे की तलाश कर कार्रवाई की कर रहे हैं मांग



एक ओर शहर की विभिन्न कालोनियों और मोहल्लों में सड़क किनारे जन्म लने वाले कुत्ते के छोटे मासूम बच्चों की आसपास के घरवाले देखरेख करते हैं, उन्हें भोजन देते हैं, बीमार होने पर उनका इलाज कराते हैं, ताकि आंखों के सामने किसी प्राणी का जीवन खतरे में न पड़े, वहीं सरकंडा क्षेत्र की एक कालोनी का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक छोटा बच्चा कुत्तों के मासूम बच्चों को मारकर उन्हें जमीन में गड़ाता दिख रहा है। वीडियो देखने वाले बच्चे की क्रूरता देख सहम रहे हैं। यह वायरल वीडियो सरकंडा क्षेत्र के गीतांजलि सिटी फेस टू का बताया जा रहा है। वीडियो में एक खुले स्थान पर कुतिया अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ दिख रही है, पास में एक सायकल खड़ी नजर आ रही है, कुछ सेकंड बाद एक छोटा बच्चा उस कुतिया के पास आता दिख रहा है।

उक्त बच्चा कुत्ते के बच्चों को गोद में उठाकर पहले खेलता है, उसके बाद एक एक कर उन्हें पकड़ता और बोरी में भरता है। कुतिया विरोध करने का प्रयास करती है, परन्तु उक्त बच्चा बोरी पटककर कुत्ते के बच्चों को मारता दिखाई देता है। उसके हमले से एक दो कुत्ते के बच्चे बच जाते हैं, जिन्हें वह पकड़कर पत्थर पर पटकता दिखाई देता है। कुत्ते के बच्चों को मारने वाला यह बालक कौन है, इसकी किसी को जानकारी नहीं है, परन्तु यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो देखने वाले पशु प्रेमी उक्त बच्चे की तलाश कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

### कालोनियों में दिया जाता है संरक्षण

हर साल कालोनियों और गली मोहल्लों में दर्जनों कुत्तों के बच्चों का जन्म होता है, आमतौर पर सड़क के कुत्तों से लोग बचते हैं, परन्तु उनके बच्चों की मासूमियत देख लोग उनका संरक्षण भी करते हैं। जिनके घर के आसपास ये कुत्ते के बच्चे होते हैं, वे उन्हें भोजन देते हैं। बीमार पड़ने पर उनका इलाज भी कराते हैं। कई बार दूसरी गली के कुत्तों द्वारा हमला किए जाने पर उनकी रक्षा करते रहते हैं। लोगों द्वारा ऐसा करने का उद्देश्य जीव रक्षा ही होता है, परन्तु वायरल वीडियो में इसके विपरीत एक छोटे बच्चे द्वारा ही क्रूरता करने की तस्वीर है, जो लोगों को उद्धेलित कर रही है।

**300 ईवी-डी92 बाईक का मिला आर्डर**

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्टार्टअप की ईवी बाइक एवं स्कूटी धूम मचाएगी: चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास केंद्रीय विवि में बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने इको फ्रेंडली एवं किफाइती ईंधन वाली ई-बाइक ईवीबाइक-डी92 को लांच किया। इस ईवी बाइक के अब तक 300 आर्डर मिल चुके हैं। ई बाइक की लांचिंग अवसर पर बड़ी संख्या विवि के पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर एवं एरकी मोटर्स को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण है जब हमने इनोवेशन को व्यावहारिक रूप से व्यावसायिक उत्पादन एवं बाजार में उतारने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। यह ई-बाईक इको फ्रेंडली, किफायती ईंधन और कम कीमत वाली है। इस ई-बाईक का निर्माण एवं इसका लांच हमारे मेक इन इंडिया और समाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है। स्टार्टअप के तहत गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के इन्क्यूवेशन सेन्टर में निर्मित ई-बाईक छत्तीसगढ़ राज्य का एक अभिनव इनोवेशन है। पूरी तरह से विश्वविद्यालय प्रांगण में विकसित एवं निर्मित ई-बाईक डी92 प्रदूषण रहित एवं सुरक्षित है। यह इको फ्रेडली डी92 बाईक एक बार चार्ज होने पर 150 किमी तक चल सकती है। इसकी अधिकतम गति 120 किमी प्रति घण्टा है। इसी के साथ विश्वविद्यालय के इन्क्यूवेशन सेन्टर में ई-स्कूटी का भी निर्माण किया गया है, जो 80 किमी तक चल सकती है। ईवी बाईक एवं स्कूटी को चार्ज करने में लगभग 3 घण्टे का समय लगता है। यह अभिनव प्रयास प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के सतत प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से इन्क्यूबेशन सेंटर के द्वारा किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इंडस्ट्रियल एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में स्वावलम्बी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वावलंबी बनाने का एक दूरदर्शी कार्य प्रारम्भ किया गया है, जिसमें लगभग 5,000 विद्यार्थी पंजीकृत है तथा विभिन्न स्वावलंबी प्रकल्पों से जुड़े हुए हैं। कुलपति का दृष्टिकोण है कि विद्यार्थी अध्ययनकाल में ही नवाचार तथा स्टार्टअप आदि से जुड़कर अपने पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन करने की क्षमता विकसित करें। पढ़ाई के उपरान्त कौशल हासिल कर सफल उद्यमी बनने का प्रयत्न कर सके।

विद्यार्थियों के द्वारा स्वावलंबी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों यथा बेकरी प्रोडक्ट्स, मशरूम उत्पादन, हर्बल प्रोडक्स, हर्बल गुलाल, राखी, सैनिटेशन प्रोडक्ट्स आदि के साथ ही बैम्बू एवं गन मेटल की कलात्मक कृतियों को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। कुलपति के नेतृत्व में विद्यार्थी विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा अनुभवजन्य शिक्षा ग्रहण कर स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं, जो भविष्य में विद्यार्थियों के आत्मनिर्भरता के साथ ही भारत की आत्म निर्भरता में अमूल्य योगदान प्रदान करेगा।



ई-बाइक लांचिंग अवसर पर सीयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल व अन्य।

**मिल चुके हैं 300 आर्डर:** एरकी मोटर्स ने बताया कि बाईक के लिए अभी तक 300 ऑर्डर मिल चुके हैं, जिसका व्यापक पैमाने पर विश्वविद्यालय के प्रांगण में ही उत्पादन होगा। यह हमारे इन्क्यूबेशन इंको सिस्टम की सफलता और विश्वविद्यालय कैम्पस के इनोवेशन से व्यावसायिक उत्पादन के लक्ष्य को दर्शाता है। इससे न केवल आर्थिक लाभ होगा, बल्कि बाजार में गहरी पैठ एवं धाक जमेगी। डीएसटी टेक्नालॉजी इनेवलिंग सेंटर के तत्वावधान में कार्यरत इको मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड ने विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में ही इस बाईक की डिजाइनिंग और निर्माण किया है। इसकी प्रारम्भिक कीमत 1.5 लाख से 1.8 लाख के बीच रखी गई है।

## बिजनेस प्लस

### अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स का एग्जीबिशन 17 को रायगढ़ में

**बिलासपुर/रायगढ़।** मध्यभारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा रायगढ़वासियों के लिए एक भव्य एक दिवसीय वेडिंग ज्वेलरी एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष एग्जीबिशन शनिवार, 17 मई को होटल एकॉर्ड प्रीमियर, रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

इस एग्जीबिशन में ग्राहकों को गोल्ड, डायमंड, रजवाड़ा और पोलकी जैसी शानदार ज्वेलरी का अनोखा और भव्य संग्रह देखने को मिलेगा, जो आमतौर पर केवल महानगरों में उपलब्ध होता है। विशेष रूप से वैवाहिक ज्वेलरी की रेंज को अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिजाइनों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। 67 वर्षों से अधिक का विश्वास अर्जित कर चुके अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स के संचालक सौरभ बरडिया का मानना है कि अपने ही शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिज़ाइनर ज्वेलरी देखने का अवसर ग्राहकों के समय की बचत तो करेगा ही, साथ ही पूरे परिवार को एक साथ पसंदीदा ज्वेलरी चुनने का सुखद अनुभव भी देगा। उन्होंने आगे कहा कि हॉलमार्क प्रमाणित ज्वेलरी, जिसकी एक्सचेंज वैल्यू वैश्विक स्तर पर एक समान होती है, आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। ए.टी. ज्वेलर्स सराफा व्यवसाय में लगातार नवाचार करते हुए ग्राहकों को गुणवत्ता, विश्वसनीयता और नई वैरायटी के साथ सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ज्वेलरी वैल्यूएशन सेवाओं के साथ, अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को आधुनिक डिजाइनों में पारंपरिक और क्लासिक ज्वेलरी प्रदान करने में अग्रणी रहा है।

### स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर।** जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोग अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन करने के लिए आवेदक को जिले का निवासी, अनसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग, आयु 18 से 50 के मध्य, आवेदक के परिवार की वार्षिक आमदनी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 1 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# कमिश्नर पहुंचे सिम्स, सुविधा बढ़ाने पर दिया जोर

**बिलासपुर।** संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स के निरीक्षण पर कमिश्नर सुनील जैन पहुंचे। उन्होंने परिसर का भ्रमण किया और मरीजों से मुलाकात कर सिम्स की सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन को निर्देशित किया है। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, डीन डॉ रमनेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ लखन सिंह एवं नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा विभाग व पुलिस चौकी के बीच शेड का विस्तार किया जाना चाहिए, उन्होंने पारदर्शी शेड के लिए कहा, ताकि बैठक व्यवस्था एवं मरीजों के परिजनों धूप से हो रही परेशानी से बचाया जा सके। सिम्स में लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है, ऐसे में दवा वितरण काउंटर की संख्या बढ़ाने के लिए भी प्रबंधन को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि डाक्टर द्वारा दी जा रही जॉच रिपोर्ट हस्ताक्षरयुक्त व कम्प्यूटरीकृत होना चाहिए। मरीजों को ऐसी सुविधा मिलनी चाहिए कि उनके मोबाइल पर ही रिपोर्ट ऑनलाइन पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान कैजुवल्टी के साथ ही ट्राएज वार्ड की व्यवस्था एवं डाक्टरों की ड्युटी रोस्टर एवं उपलब्ध दवाईयों के संबंध में जानकारी ली।



### रेडियोलॉजी विभाग में पेंडेंसी जांची

कमिश्नर और कलेक्टर ने टोकन सिस्टम, आभा एप, आयुष्मान काउंटर का अवलोकन किया गया। मेडिसीन विभाग के मेल मेडिकल वार्ड 1 में भर्ती मरीजों से बातचीत कर दवाईयों तथा अन्य जाँच की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारी रेडियोलाजी विभाग में जाकर एमआरआई, सीटी स्केन एवं सोनोग्राफी में रोजाना होने वाली जांच की जानकारी ली और पेंडेंसी देखी। डाक्टरों ने उन्हें रेडियोलाजी विभाग में डाक्टरों की कमी होने की बात कही जिसपर अधिकारी ने जल्द ही नियुक्ति करने का आदेश दिया।

# कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर सेमीनार, देश के प्रख्यात डाक्टर सिखा रहे बचाव के गुर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में 3 दिवसीय बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गुरूवार से किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन एनेस्थीसिया विभाग द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला 15-17 मई तक आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य पीजी और भावी डॉक्टरों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षा तकनीकी और नैतिक पहलुओं का प्रशिक्षण देना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन डीन डॉ. रमणेश मूर्ति द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ हैं। प्रशिक्षित डॉक्टरों समाज का सुरक्षा कवच होता है, देश की अग्रणी प्रशिक्षण संस्थान सिम्स में डाक्टर चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता भी सीख रहे है। इस प्रशिक्षण में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञ डॉक्टर अपना बहुमुल्य समय और सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैसिक लाइफ सपोर्ट यानी बीएलएस में व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट जैसी आकस्मिक स्थितियों में त्वरित सीपीआर, कृत्रिम श्वसन और प्राथमिक जीवनरक्षक तकनीक सिखाए गए है। वहीं एडवांस कार्डिएक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को कार्डियक मॉनिटरिंग, मेडिकेशन एडमिनिस्ट्रेशन, डिफिब्रिलेशन, एयरवे मैनेजमेंट जैसी जटिल विधियों का अभ्यास कराया गया है।



### सेवाओं की गुणवत्ता सुधरेगी

सिम्स के अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होता है। सड़क दुर्घटना, कार्डियक अरेस्ट जैसी परिस्थितियों में जान बचाने के लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षित डाक्टर कम समय पर अपने मरीजों की जान बचाने में सक्षम हो जाता है। पहले दिन की सहभागिता और छात्रों की सक्रियता उत्साहजनक रही। आने वाले दो दिन में अधिक गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. संगीता जोगी, डॉ. जेपी स्वैन, डॉ. प्रशांत निगम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**एसएसपी ने ली सड़क सुरक्षा से संबंधित नोडल अधिकारियों की मीटिंग**

# आई रेड प्रणाली से हो रहा सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमित रूप से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले में सरल, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए यातायात को सुचारू बनाए रखने एवं बेहतर प्रबंधन बनाये रखने उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं।

जिले में हो रही दुर्घटनाओं की आनलाइन मॉनिटरिंग आई रेड प्रणाली के माध्यम से नियमित रूप से की जा रही है। साथ ही समस्त सड़क दुर्घटनाओं की बिंदुवार जानकारी आनलाइन केन्द्रीय डाटा सेंटर को भेजी जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं के कारणों को जानने एवं उसके त्वरित निराकरण का प्रयास संबंधित विभागों के माध्यम से की जाती है। इस प्रणाली के माध्यम से राज्य एवं केंद्रीय स्तर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आनलाइन माध्यम से ही क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के समस्त थाना, चौकी, पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी एवं संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक अधिकारियों, जिले के समस्त नोडल अधिकारियों तथा पुलिस विभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

### आई रेड एक आनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली

आई रेड प्रणाली केंद्र सरकार की सड़क परिवहन मंत्रालय के द्वारा जनरेट की गई एक ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली है, जिसके तहत सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, दुर्घटनाओं के प्रकार, दुर्घटनाओं के स्रोत, दुर्घटना की प्रकृति, वाहनों के प्रकार, वाहन स्वामी के बीमा से संबंधित जानकारियां, पीड़ित व्यक्ति के संपूर्ण जानकारियां, दुर्घटना स्थल का लैंडमार्क जानकारी आदि का वास्तविक आंकलन किया जाता है।

# ओखर समाधान शिविर में 4956 आवेदनों का किया गया निराकरण

**मल्हार।** सुशासन तिहार के तहत गुरुवार को मस्तूरी ब्लॉक के ओखर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार के तहत 5124 आवेदन मिले थे, जिनमें से 4956 आवेदनों का निराकरण कर गया है। इस दौरान संभागायुक्त व कलेक्टर ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया।

शिविर में पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या, श्रीमती सतकली बावरे, जनपद सदस्य श्रीमती सरिता नरेन्द्र नायक, हेमचंद भार्गव, श्रीमती मेनका सुमीत जगत, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत सरकार लोगों के गांव, घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रही है। संभागायुक्त ने भीषण गर्मी के बावजूद समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति आप लोगों की जागरूकता का परिचायक है। उन्होंने भीषण जल संकट एवं भू-जल के लगातार गिरते स्तर को देखते हुए लोगों से पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।



## खबर संक्षेप

### पुण्य का काम हैं प्याऊ घर खोलना- साव



**लोरमी।** नेक काम एवं परोपकार के काम हमेशा ही पुण्य की श्रेणी में आते हैं, इस भीषण गर्मी में राह चलते लोगों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। ये सभी बातें श्रीराम सेवा समिति के प्याऊ घर के शुभारंभ पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कही। श्रीराम सेवा समिति की ओर अपने छठवें व एवं सातवें प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया एवं इन सभी प्याऊ घरों में पानी भरने की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों एवं दुकान के मालिकों को दी गई हैं। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल, वार्ड 7 पार्षद शशांक वैष्णव, अजय, दुर्गेश, मनीष, छत्रपाल, विक्की एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रतनपुरिहा गोंडवाना सम्मेलन में शामिल होंगे केंदीय मंत्री

**पचपेड़ी।** रतनपुरिहा आदिवासी गोंडवाना गोड़ महासभा मल्हार के तत्वाधान में 17 व 18 मई को गोंडवाना भवन मानिक चौरी में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल होंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वन मंत्री केदार कश्यप व विशिष्ट अतिथि विधायक दिलीप लहरिया मस्तूरी, डॉ कृष्णमूर्ति बांधी शामिल होंगे। साथ ही गुड्डू लाल जगत अपर कलेक्टर बेमेतरा, राजकुमार मरावी तहसीलदार जांजगीर-चांपा, डॉ सीताराम ध्रुव संरक्षक सर्व आदिवासी समाज मस्तूरी सहित समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सिंह नाग अध्यक्ष गोंडवाना महासभा मल्हार राज करेंगे। महासभा के अध्यक्ष प्रताप सिंह नाग ने रतनपुरिहा गोंड आदिवासी समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



### धान की कोठी में मादा सीवेट ने शावकों के साथ डाला डेरा, किया गया रेस्क्यू



**कोरबा।** कटघोरा वनमण्डल अंतर्गत आने वाले हरदीबाजार क्षेत्र के मुंडाली गांव में दुर्लभ प्रजाति की एशियन पाम सीवेट एक ग्रामीण के धान की कोठी में मादा सीवेट अपने शावकों के साथ एक घर में रह रही थी। गांव वालों की नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी जहां इन वन्य प्राणियों को रेस्क्यू करने के लिए वन विभाग एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम सुनियोजित और सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटनास्थल पहुंची। यह रेस्क्यू ऑपरेशन कटघोरा वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देशानुसार उप वन मण्डलाधिकारी चंद्रकांत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस रेस्क्यू कार्य में नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एम. सूरज के नेतृत्व में जितेन्द्र सारथी, मयंक बागची एवं बबलू मारुवा, रेंजर अशोक मान्यवर, डिप्टी सुखदेव सिंह मरकाम, महेंद्र देवेंगन, केशव जायसवाल टीम में शामिल थे। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पूरी सावधानी एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सीवेट माता एवं उसके बच्चों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा।

### ग्राम बेलमुंडी में सम्मान समारोह का आयोजन

# जनता की आवाज को बुलंद करना जनप्रतिनिधि का कर्तव्यः धर्मजीत



समाधान शिविर में शामिल विधायक धर्मजीत सिंह।

**सकरी।** जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उठाने के लिए ही मैं विधायक बना हूं। एक जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य अपनी जनता का दुख-दर्द और पीड़ा को अपनी आवाज के माध्यम से सदन तक पहुंचा कर उसे दूर करना होता है। अगर हम जनता की समस्या को नहीं उठाएंगे और समाधान नहीं कराएंगे तो आखिरकार जनता कहां जाएगी।

उक्त बातें ग्राम बेलमुंडी में हिम तरंगनी शिक्षण सेवा समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होने गांव में वट पीपल का पेड़ लगाने वाले बुजुर्गो का सम्मान करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से प्रकृति की सेवा कर गांव को हरा-भरा और स्वच्छ करने वाले इन बुजुर्गो का नाम इतिहास में दर्ज हो गया। आने वाली पीढ़ी को इनके आशीर्वाद के रूप में उनके लगाए पीपल, बरगद और नीम के वृक्षों की छाया मिलेगी। उन्होंने मितानिन, स्वच्छता दीदी एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि संस्था द्वारा छात्र छात्राओं के कौशल का विकास किया जा रहा है, निश्चित ही इससे इनका भविष्य भी उज्जवल होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है, भारत में प्रतिभा की कभी कमी नहीं रही है। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, जनपद सदस्य शालनी गढ़ेवाल, तुलसी कौशिक, महेश यादव मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, रामकुमार निर्मलकर, शैलेन्द्र यादव, अंकिता शुक्ला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश कौशिक एवं आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष गौरव दुबे ने किया। इस अवसर पर सरपंच रमा विश्राम कौशिक, टिकेश्वर कौशिक, भोलानाथ तिवारी, दुर्गेश कौशिक, किशोर सूर्यवंशी, रवि कौशिक, सोमनाथ कौशिक, राघव कौशिक, गौरी शंकर कौशिक, राजेश देवांगन, अमर गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी, व्याख्याता महेन्द्र दुबे, शिव भोला दुबे, चंद्रशेखर कौशिक, दीपक कौशिक, आदित्य कौशिक, रामखेलावन टेंगवर , केजऊ कौशिक, लता कौशिक, गिरिवर कौशिक उपसरपंच, विष्णु कौशिक, दिलीप कौशिक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। ग्रामीणों की मांग पर बेलमुंडी में विधायक धर्मजीत सिंह ने 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, बोर के लिए 3 लाख रूपए, कल्पना कौशिक को इलाज हेतु 1 लाख रूपए, नया ट्रांसफार्मर लगवाने, नाली निर्माण कराने, हिम तरंगनी समिति को 40 हजार रूपए व हनुमान रामायण मंडली को वाद्य यंत्र खरीदने 15 हजार रूपए देने की घोषणा की।



आयुष्मान कार्ड देते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## धरमपुरा के समाधान शिविर में 246 शौचालयों को मिली स्वीकृति

**मुंगेली।** शासकीय उमा विद्यालय धरमपुरा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 246 शौचालयों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही 5 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

- 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

इसी तरह एनआरएलएम अंतर्गत 4 स्वसहायता समूहों को चेक राशि, 4 कृषकों को पर्ची, 8 को श्रम कार्ड वितरण, 8 को केसीसी योजनांतर्गत 4 लाख 2 हजार रूपए का ऋण, 1 को आईस बॉक्स, 5 कृषक को स्प्रेयर पम्प प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही 3 विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर सम्मानित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर एक गारंटी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1-1 हजार रूपए प्रदान किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत गांव-गांव में इसका सर्वे कार्य जारी है, ताकि कोई भी व्यक्ति आवास से वंचित न रहे। विधायक ने कहा कि आम लोगों को बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले, यही सुशासन का उद्देश्य है। उन्होंने मोर गंव, मोर पानी अभियान अंतर्गत प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग बनाने, जल के अपव्यय को रोकने, कुआॅं, बावड़ी, तालाब आदि की सफाई के साथ भविष्य के लिए जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

## हाइवा चालकों की लापरवाही बन रही गंभीर हादसों की वजह

**भर्रीडांड़।** मरवाही के लोहारी बस स्टैंड के पास बुधवार की रात सड़क दुर्घटना में एक 40 वर्षीय महिला को अपनी पैर गंवाना पड़ा। हाइवा चालकों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही, जिसकी वजह से आए दिन क्षेत्र में ह्दय विदारक घटनाएं घट रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मितानिन सुशीला केवट पति दीनदयाल केवट उम्र 40 वर्ष की पड़ोसन धनमतिया बाई के पेट में बुधवार की रात अचानक दर्द उठा।

- सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुई मितानिन महिला

आपातकालीन सेवा वाहन 108 की उपलब्धता नहीं होने के कारण महिला को एक युवक की बाइक से मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था। लोहारी बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग दूर जा गिरे लेकिन सुशीला केवट का एक पैर ट्रक के पहिए के नीचे आने से बुरी तरह टूट गया। महिलो को तत्काल मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत देखते हुए बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया। बीएमओ डॉ हर्षवर्धन मेहर ने बताया कि बीती रात को एक महिला का केस आया था जो हमारी स्वस्थ मितानिन है। महिला के पैर में घुटने के नीचे क्रांश इंजुरी हो गई थी, जिसे प्रथमिक उपचार के बाद अपने एमरजेंसी एम्बुलेंस से बिलासपुर भेज दिया गया।

### बिलासपुर रेफर

चूंकि ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था, इसी वजह घटना हुई है। वाहन चालक और मालिक के ऊपर अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। महिला को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर भेजा गया है।

**- दीपक मिश्रा** एसडीओपी

## लूट का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लोरमी।** लूट के 11 माह से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राथी की रिपोर्ट पर थाना लालपुर में बिना नंबरी 0/24 धारा 309 (2) बीएनएस पर लोरमी थाना में 16 जुलाई 2024 को नंबरी अपराध पंजीबद्ध किया गया। पतासाजी के दौरान थाना लालपुर के लूट के मामले में संदेही दीपचंद अनंत पिता माधो अनंत से पूछताछ करने पर 6 गाह पूर्व ग्राम पीपरखुंटी के छरहा पुल के पास कुलदीप टण्डन, ओंकार जागडे व देवी टण्डन साकिनान पीपरखुटा के द्वारा लूटपाट करने की जानकारी मिली। इस पर संदेहियों की तलाश की गई एवं कुलदीप टंडन व ओकार जांगड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त आलाजबर को जब्त कर दोनों को 11 फरवरी 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। साथ ही मामले के फरार आरोपी देवी टंडन की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली की लूट के फरार आरोपी देवी टंडन अपने गांव आया है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत पर जेल भेजा गया। गौरतलब है कि बैगाकापा निवासी प्रार्थी विश्वनाथ श्रीवास पिता इउमन श्रीवास उम्र 29 साल ने 15 जुलाई 2024 को लालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त विकास विश्वकर्मा के दौ-तीन व्यक्तियों चाकू दिखाकर उनके जेब में रखे पर्स से 17 हजार नकद, एटीएम कार्ड को लूट लिया। आरोपियों के विरुद्ध 267/24 धारा 309 (2) बी एन एस के तहत कार्रवाई की गई।



## अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में जनभागीदारी समिति की बैठक

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने की। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी समिति महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में एक सर्व सुविधायुक्त नए भवन की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विधायक धरमलाल कौशिक एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी के सहयोग से महाविद्यालय के लिए नया भवन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। बैठक में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास, आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण, छात्र हित के विभिन्न मुद्दों तथा आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए एवं छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए सर्वसम्मति से कई निर्णय पारित किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने समिति को विगत वर्ष की उपलब्धियों एवं चुनौतियों से अवगत कराया तथा भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। समिति के सभी सदस्यों ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई एवं महाविद्यालय के विकास हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए। समिति अध्यक्ष ने सभी सदस्यों एवं प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी प्रकार की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई। बैठक में समिति के सदस्य संदीप सलुजा, विवेक शर्मा, सुमीत गुप्ता, नंदिनी क्षत्रिय, केतन वर्मा, दुर्गेश कौशिक, जगदीश अग्रवाल, मनोज माधवानी, लक्ष्मीनारायण नौरंगा, कमल मरावी, मनोज यादव, दुर्गेश श्रीवास, धनंजय सन्नाड, शैंकी राजपाल, लोक निर्माण विभाग से विकास सिंह एवं तिवारी जी सहित महाविद्यालय से समिति के संयोजक संजय अग्रवाल, सदस्य डॉ एमआर आगर, डीएस टंडन, शुभा वर्मा, डॉ संजय भजनकर डॉ डी मिंज, डॉ अतुल गिरि, प्रो शुभा वर्मा, प्रो सरिता बारा, अजय कुम्भज, शत्रुहन राजपूत व महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो खगेश पटेल ने किया।



## मनुष्य जीवन को सार्थक और सफल बनाती है श्रीमद् भागवत कथाःत्रिलोक



**बिलासपुर।** कोनी में सीताराम श्रीवास एवं उनके परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ से पंडित देवशरण दुबे कथा श्रवण करा रहे हैं। इस आयोजन में पहुंचे कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास कहा कि भागवत का कथा अत्यंत दिव्य है। श्रीमद् भागवत कथा नित्य नूतन है।

आप जितनी बार श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करेंगे, आपको नई जानकारी ज्ञान और आनंद की प्राप्ति होगी। श्रीमद् भागवत कथा के वाचन, श्रवण से व्यक्ति का जीवन सार्थक और सफल होता है। जिस स्थल और क्षेत्र में श्रीमद् भागवत का आयोजन होता है वहां सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है। इस अवसर पर व्यासपीठ से विराजमान भागवताचार्य देवशरण दुबे ने कहा कि ब्रह्माजी ने व्यासजी के हृदय में वेद को स्थापित किया। उन्होंने समस्त प्राणियों कल्याण के लिए वेद की रचना की पुनः वेद को सरलीकरण करने के लिए वेदों को चार भाग में बांटा, तत्पश्चात 17 पुराणों की रचना की। जब उन्हें इसमें आनंद नहीं आया, तब देवर्षि नारद की प्रेरणा से श्रीमद् भागवत कथा पुराण की रचना की।

## सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम पण्डरभट्ठा के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार और छोटा हाथी वाहन की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चालक भागीरथी साहू उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बन्नारा, नवागढ़ की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। बाइक पर उनके साथ सवार मास्टर देव उम्र 12 वर्ष पिता वेद राम साहू को गंभीर चोटें आई हैं। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना में छोटा हाथी वाहन चालक रमेश निषाद, निवासी बड़ा बाजार, मुंगेली को भी चोटें आई हैं।



घटना में वाहन का सामने का शीशा पूरी तरह टूट गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


### आम सूचना

मैं राजेन्द्र भण्डारी पिता स्व. श्री रतन प्रकाश भण्डारी, निवासी- लिंकरोड राजेन्द्र नगर हीरो होण्डा शो रूम के पास बिलासपुर छ.ग. का हूँ मेरे द्वारा गारापाटी शरद चन्द पिता वेंकटेश्वर राव, गारापाटी भरत चन्द पिता वेंकटेश्वर राव, मोपर्ती श्रीलवन्या पति जी. युगान्धर, पिता वेंकटेश्वर राव, जिनके स्वामित्व की नजूल भूमि तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मौजा- चांटापारा बिलासपुर शीट नं. 17, प्लाट नं. 42/3 रकबा 5040 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे द्वारा कर लिया गया है।

अतः सर्वसाधारण आम जनता, शासकीय, अर्धशासकीय, संस्थाएं नगरीय निकाय बैंक को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ मेरे पते पर आकर अपना पक्ष रखें, समयावधि अवसान उपरान्त की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा।
सो सूचना जाने।

भवदीय
राजेन्द्र भण्डारी
पिता स्व. श्री रतन प्रकाश भण्डारी,
निवासी - लिंकरोड राजेन्द्र नगर
हीरो होण्डा शो रूम के पास
बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9981844444

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अंजू यादव पति श्री विनोद यादव निवासी चिंगराजपारा तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम बहतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. व तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 602/16 रकबा 0.0110 हे. एकड़/ वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्रीमती ज्योति पति श्री गोपीचंद सूर्यवंशी निवासी लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये है। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।
दिनांक 30.06.2024

राममनोहर दुबे
अधिवक्ता / नोटरी
स्टेट बैंक के सामने,
नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-73623
क्रेता 81039645117

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)
### ईश्तहार

क्रमांक/क/वा/नजूल/2025 मुंगेली,
दिनांक 08.05.2025

श्री सुरेश कुमार पिता स्व. श्री शिवनंदन, निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)...आवेदक **बनाम** शकुंतला पिता स्व. श्री शिवनंदन वगैरह, निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.).... अनावेदकगण

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री सुरेश कुमार पिता स्व. श्री शिवनंदन, निवासी मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) कि ओर से अधिवक्ता प्रदीप हरबंश द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला दाऊपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 46-ए, प्लाट नंबर 55/1 शामिल 58/1, क्षेत्रफल 157 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 11.09.2024 के आधार पर नजूल रिकार्ड से अनावेदकगणों का नाम विलोपित कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अन्तर्गत धारा 109, 110 भू०रा०संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 28.05.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली, छ.ग.
श्रीमती अन्नपूर्णा देवांगन.....वादिनी
**बनाम**
श्रीमती सत्यभामा देवांगन वगैरह
....प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र.- 09/अ/25
पेशी दिनांक- 17/7/25
प्रो.क्र.- 30/25

**न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब पेश करने हेतु समंस**

वादिनी ने प्रतिवादी क्रमांक 3 आम जनता जो इस प्रकरण से संबंधित है के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है जिसमें पेशी दिनांक- 17/7/25 को नियत है। अतः प्रतिवादी क्रमांक 3 आम जनता एवं अन्य जो इस प्रकरण से संबंधित है को सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक- 17/7/25 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 14/05/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(नारायणी कच्छप)
व्य.न्या.कनिष्ठ श्रेणी के प्र.अ.व्य.न्या.
मुंगेली, जिला-मुंगेली छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)
### ईश्तहार

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)
रा.प्र.क्र.............ब-121/2025
क्रमांक/53/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 13.05.25

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम चंदली को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार पति/पिता श्री भागीरथी जाति सत. साकिन...........तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/भाई/बहन नानी- देवकुंवर आ. श्री नेमा के जन्म/मृत्यु दिनांक 28.01.2003 ग्राम चंदली को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 27.05.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/ /क/वा/तह./2024
सकरी दिनांक 10/05/2024

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक रोहरा पिता घनश्याम दास रोहरा निवासी हंसा विहार बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम खजूरी नवागांव प.ह.न. 48 रा.नि.नं. पेण्डारी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 1284/2 रकबा 10979 वर्गफीट का नाम व रकबा ऑनलाईन रिकार्ड अभिलेख सुधार किये जाने हेतु प्रकरण माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तखत्तपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/05/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार सकरी

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ/2024-25
ग्राम बेलमुण्डी तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बाई यादव, पति सुंदर लाल यादव, निवासी कस्तुरबा नगर बिलासपुर के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 260/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है, परंतु वर्तमान आनलाईन में उक्त वाद भूमि का रकबा 0.0200 हेक्टेयर दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/05/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 14/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

न्यायालय नायब तहसीलदार-3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/Q/ना. तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 05.05.2025

ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 264/12 रकबा 0.0120 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री माया बोस पति सुभाष चन्द्र बोस निवासी गुरूद्वारा के पास, शासकीय क्वा. के पीछे, 27 खोली, बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.05.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 06.05.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय द्वितिय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी- डी.एन. भगत)
प्रो.क्र. - 479, प्र.क्र. -1116/24
पे.ता. 26.06.2025, धारा 13 हिं.वि.अ.
आवेदक/ आवेदिका प्रतीक्षा जैन
बनाम
अनावेदक / अनावेदिका अमिल कुमार जैन
प्रति,
अनावेदक/ अनावेदिका :- अमिल कुमार जैन
निवासी पताः पिता - श्री सुनील कुमार जैन निवासी गली नंबर 1, एल-1, तैय्यब मस्जिद के सामने, पुष्पकुंज, भारतीय नगर, बिलासपुर छ.ग.

उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हिं.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 26.06.2025 को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 29 माह 04 सन 2025 को जारी किया गया।
स्थान रायपुर दिनांक 29.04.2025

डी.एन. भगत
द्वितिय अति. प्रधान न्यायाधीश,
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता श्री रजनीकांत अवस्थी पिता स्व. श्री एस.पी. अवस्थी, जाति ब्राम्हण, निवासी लोको कॉलोनी, तहसील बिलासपुर, ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.मं. सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 471 रकबा 2400 वर्गफुट को रजिस्ट्री पत्र के अनुसार क्रय की गई तभी से कब्जा एवं स्वामित्व धारी है को श्री अमर लाल मंगवानी पिता स्व. राजा राम मंगवानी उम्र 62 वर्ष निवासी नेहरू नगर के द्वारा क्रय किये जाने का पक्का सौदा कर अनुबंध किया गया है आपसी तय राशि में निर्धारित दर पर भूमि क्रय कर पंजीयन यथा शीघ्र कराया जाना सुनिश्चित किया गया है के संबंध में यदि किसी संस्था, व्यक्ति एवं अन्य किसी बैंक इत्यादि को कोई विवाद, हित अथवा किसी प्रकार का लेनदेन हो की जानकारी अधोहस्ताक्षर कर्ता के पते पर 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात रजिस्ट्री करा ली जावेगी और किसी भी प्रकार से आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। सो सूचना जाने।
दिनांक 15.05.2025

भवदीय
अमर मंगवानी
नेहरू नगर, बिलासपुर
मो. 9425219607

न्यायालय श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)
### नोटिस/समंस

भोलाराम ................वादी
विरूद्ध
अजय दास वगैरह ..............प्रतिवादीगण
प्रोसेस क्र. 04
व्य. वाद क्र. 2703अ/2022
आदेश दिनांक 07/05/2025
पेशी ता. 16/6/2025
बनाम
2. कौशिल्या पति ईश्वर दास
7. सविता खूंटे पति नमो कुमार खूंटे निवासी ग्राम मोपका, मरघट टावर के आगे पैठू तालाब के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते घोषणा, एवं स्थायी निषेधाज्ञा का प्रकरण इस न्यायालय में संस्थित किया है अतः आपको इस न्यायालय में दिनांक 16/06/2025 को 11.00 बजे वाद पत्र का उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिये नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेज सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते हैं को पेश करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जावेगा। और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 07.05.25 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया है।

अंशुल मिंज
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)
### // नोटिस //

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ/2024-25
ग्राम रिसदा, प.ह.नं. 13, तह, मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)
कमलेश्वर पिता श्री भुरवा, भुनेश्वर पिता भुरवा, दोनों निवासी रिसदा. तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) ...........आवेदकगण
**विरुद्ध**
रोमन कैथोलिक मिशन इंचार्ज पाराघाट, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)..अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम रिसदा, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) के अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ग्राम रिसदा, प.ह.नं. 13. तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 260, 514, 167, 165, 263 कुल रकबा 0.82 ए. भूमि आवेदकगण के स्वामित्व हक में स्थित है। ख.नं. 260 वर्तमान चकबंदी पश्चात ख.नं. 167. 165 दर्ज है, 165 चकबंदी पूर्व खसरा नंबर 263 था जो कि आवेदकगण के परदादा के नाम पर खसरा, मिशल सन 1932-33 में दर्ज है। चकबंदी के पश्चात अनावेदक से संबंधित व्यक्तियों द्वारा राजस्व अभिलेख में मिशल में रोमन कैथलिक मिशन इंचार्ज मिस्टर पोशफ निवासी पाराघाट, मालकुजार नौकर लिखा हुआ है उपरोक्त रिकार्ड को आवेदकगण के पूर्वज को क्षति पहुंचाने क उद्देश्य से कांटछांट किया गया है। आवेदकगण के पूर्वज जो मूल विवादित खसरा का भूमिस्वामी है. इसलिये आवेदकगण के नाम पर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26/05/2025 को नियत है।

अतः अनावेदिका रोमन कैथोलिक मिशन इंचार्ज पाराघाट को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि को स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

तहसीलदार मस्तूरी

ARPA RIVER VALLEY
INTERNATIONAL
SCHOOL

# BEHIND EVERY SCORE, THERE'S A STORY OF HOPE AND HARD WORK

ARVIS proudly celebrates the outstanding success of our ARVISIANS in the Grade 10th & 12th Board Exams. This achievement isn't just about high scores, it's about the dedication of our ARVISIANS, the commitment of our teachers, and the unshakable trust of our parents. **Congratulations to our young achievers,** you've made us proud, not just with your marks, but with your mindset and determination.

## OUR CLASS 12TH ACHIEVERS

ADITYA RAJ MATHUR 96.8%

HARSH LAHRE 93.20%
NEHA VERMA 92.20%
ARNAV PRASAD 90.80%
ISHANT KUMAR RATNAKAR 90.40%
ABHILASH KHUTE 90.40%
PRANJAL MISHRA 90%
PRISHA SAHU 89.80%
MAHIN HUSAIN 89.80%
YASHI SHARMA 89.60%
RICHA NIRNEJAK 89.60%
RAJAT SAHU 89.60%
ADARSH KUMAR ANCHAL 89.20%
DEEPAK KUMAR CHANDRAVANSHI 89.20%
KOMAL MANGTANI 88.60%
KAVYANSH KASHYAP 88%
NIHAL SINGH RAJPAL 87.40%
MEDHANSHU BHARDWAJ 86%
MD. SAIF AHMED 86%
ANSHIKA AGRAWAL 85.80%
NEERZARA PRADHAN 85.20%

## OUR CLASS 10TH ACHIEVERS

SHUBH KACHHWAHA 98.6%

HARSHIT GUPTA 97.8%
SAKSHI KEDIA 97.6%
ADITYA SINGH 95.2%
ADVAIT PETE 94.2%
RADHIKA SAHU 93.8%
AAHANA BASKAR 92.6%
SOMYA WADHWANI 92.6%
GURVEER SINGH CHAWLA 92.4%
ANANYA YADAV 92%
SWASTIKA KESHKAR 91.6%
SAIANSH AGARWAL 90.8%
MADHUSHRI GUPTE 90.4%
ANUKRITI KUMARI 90.2%
AARUSH AGRAWAL 89.8%
VIVEK KUMAR KASHYAP 89.4%
BHAWESH PATEL 88.4%
AARADHYA GUPTA 86.8%
MILEE JANGDE 86.4%
RAGHUVEER SINGH KHARSAN 86%
BAPY MAHANANDA 85.4%

## QUALIFIED AND DEDICATED FACULTY

- Digital Learning Support
- Holistic Learning
- Support for competitive exams
- Vast subject choices
- Global Exposure
- Career Orientations
- Excellent Co-Curricular Facilities
- Expert Sport Coaches

## SUBJECT COMBINATIONS OFFERED

Maths/Biology/Commerce/Humanities with various additional subjects like....

Legal Studies | Psychology | Dance (Kathak) | Entrepreneurship | CS/IT | Yoga | Fashion Studies






# ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

9981794669, 9669049994, 9893056085 Beside Radhasoami Satsang Beas, Dheka-Masturi Road, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001 www.arvis.edu.in

15 MAY- BSP-PG-8_Layout 1 5/16/2025 12:37 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से 2 साल की बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** घर में खेलते खेलते तालाब में गिरने से 2 साल की बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, सीपत निवासी संतराम गोंड़ पिता रिखीराम गोंड़ 29 साल के दो साल की बेटी कु. भगवती शाम 4.30 बजे घर के पास खेल रही थीं। खेलते खेलते घर के बाड़ी की तालाब में जाकर गिर गई। पानी में उफलने पर घरवालों को जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### झांसा देकर अनाचार कर 4 लाख वसूला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर अनाचार कर पीड़िता से 4 लाख रुपए वसूली करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला पति को छोड़कर बच्चों के साथ रह रही है। रिश्तेदारी में उनका यूपी निवासी मोनी कौशिक से जान पहचान हो गई। युवक उन्हें व बच्चों को अपनाने का आश्वासन देते हुए शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। उसके बाद वह महिला को दिल्ली लेकर गया और करीब 15 दिन तक साथ में रखा। वहां से लौटने के बाद जरूरत बताते हुए अलग अलग किस्तों में 4 लाख रुपए लिया। पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो अब शादी करने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट मोनी कौशिक के खिलाफ धारा 376, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एसईसीएल क्वार्टर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसईसीएल क्वार्टर में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार, बसंत विहार कालोनी निवासी रीता के सूने मकान में चोरी हो गई थी। सहायक सुरक्षा उप निरीक्षक ने सीसीटीवी फुटेज देखे तो चोरी की जानकारी मिली, मकान मालिक बाहर गए हैं। फुटेज में एक युवक दीवार फांदकर अंदर जाते नजर आ रहा था। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बहतराई निवासी अर्जून राजपूत उर्फ रंगा पिता प्रमोद राजपूत 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की, कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गैस सिलेण्डर, सिलिंग फेन, सिलाई मशीन सहित 6 हजार का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 22 किलो गांजा बेचते दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झाडू बेचने की आड़ में गांजा बेचने वाले दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 22 किलो गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 3 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी को मुखबिर सूचना मिली, मटियारी शिव मंदिर के पास झाड़ू की आड़ में गांजा बिक्री की जा रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ मटियारी में दबिश देकर देवकुमार सूर्यवंशी पिता साहेब लाल सूर्यवंशी 46 साल बालकृष्ण सिसोदिया उर्फ भूरू पिता लालमन सिसोदिया 24 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर ब्राउन टेप से लपेटे गए 10 पैकेट में 22 किलो गांजा मिला।

**प्लेटफार्म की लंबाई भी ट्रेन से कम** | उसलापुर रेलवे स्टेशन में नहीं किया जा रहा है शेड का विस्तार

# पहले जमकर पसीना बहाओ, फिर ट्रेन के एसी कोच में बैठो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में अब तक किसी भी रेल अफसरों ने प्लेटफार्म पर लगे शेड को विस्तार करने की ओर ध्यान नहीं दिया है। इसकी वजह से भीषण गर्मी और दोपहर की तेज धूप में एसी कोच के यात्री भी मजबूरी में ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म पर खड़े होकर इंतजार करते हैं, एसी कोच के यात्री पहले जमकर पसीना बहाते हैं, उसके बाद उन्हें एसी की ठंडी हवा नसीब होती है।

पिछले कई दिनों से यात्रियों को सुविधा देने और स्टेशन को पुनर्विकसित करने अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए रेल प्रशासन ने आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर का काम शुरू कराया है। इसके तहत स्टेशन के पास स्थित बिल्डिंग के सामने प्लाई लगाकर उसे सुंदर बनाने का कार्य करने के साथ गेट का चौड़ीकरण और स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म पर नए टाइल्स लगाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेशन के सामने की पुरानी दीवार को तोड़कर एक सुंदर सा गार्डन भी बनाया गया है, जहां यात्री आराम से बैठ सके। इन सब कार्यों को करने के अलावा ठेकेदार के पास दूसरा काम नहीं है। वर्तमान में उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन की स्थिति बहुत ही खराब है। इस स्टेशन में बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली गाड़ियों को डायवर्ट करने के साथ यात्री संख्या बढ़ने के बावजूद सुविधा की काफी कमी है। यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी प्लेटफार्म एक और दो में हो रही है। कुछ दिन पहले एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक आने-जाने के लिए कटनी रूट की ओर एक नया एफओबी का निर्माण कर लिफ्ट भी लगाया गया है, लेकिन प्लेटफार्म पर 50 मीटर की दूरी तक लगे शेड का विस्तार अब तक नहीं किया गया। उसलापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर कटनी से बिलासपुर और रायपुर, दुर्ग की ओर जाने वाली गाड़ियों का स्टापेज दिया जाता है। वहीं प्लेटफार्म नम्बर दो पर गोंदिया, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली गाड़ियां रूकती है। इसकी वजह से प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म नम्बर दो पर रहती है। स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर लगाए गए शेड केवल बीच के दो-तीन कोच के यात्रियों को ही राहत प्रदान कर रहे हैं, लेकिन जनरल कोच से लेकर स्लीपर और एसी कोच तक शेड का विस्तार नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




**सुबह से शाम तक दिक्कत**

भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप के कारण लोग घर से केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं। वहीं स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म की हालत काफी खराब है। 50-50 मीटर लगे शेड के नीचे केवल एसी कोच के यात्रियों को ही सुविधा मिल पाती है। इसके बाद का दूसरे कोच में सफर करने के लिए यात्रियों को कोच डिस्प्ले के हिसाब से शेड के बाहर खड़े होना पड़ रहा है। स्टेशन में सुबह से शाम तक आने-जाने वाली ट्रेनों में नर्मदा एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, शहडोल लोकल, नौतनवा एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को चलने वाली जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस और गरीब रथ शामिल है, जिसमें लगाए गए कोच के अनुसार यात्रियों को शेड के नीचे खड़े होकर इंतजार करने की सुविधा रेल प्रशासन ने नहीं दी है। इसकी वजह से सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है।

### शेड नहीं तो छाता ही सही

रेल अफसरों का कहना है कि बिलासपुर स्टेशन में ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए ही उसलापुर स्टेशन में ट्रेनों का स्टापेज लगातार बढ़ाया जा रहा है। इन बढ़ने वाली ट्रेनों में ज्यादातर कटनी रूट की ट्रेने हैं। आदर्श रेलवे स्टेशन में यात्रियों के हिसाब और रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार सुविधाएं अधिक हैं। वर्तमान में जो शेड लगाए गए हैं, वह रेलवे बोर्ड के मानक के अनुसार ही लगे हैं। इधर यात्रियों को शेड की सुविधा नहीं मिल पा रही है। स्टेशन में यात्रियों को छोड़ने जाने वाले परिजन को शेड की सुविधा नहीं मिलने के कारण छाता लेकर जाना पड़ रहा है, जो कोच डिस्प्ले के हिसाब से प्लेटफार्म पर खड़े होकर और भीषण गर्मी व तेज धूप से बचने के लिए छाता खोलकर ट्रेन का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं।

**रोज हो रहीं दुर्घटनाएं :** पैदल यात्रियों के लिए नहीं बची कोई जगह

# शहर की सभी सड़कों में फुटपाथ पर व्यापारियों का बेजा-कब्जा, पैदल यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए शहर की विभिन्न सड़कों पर बनाए गए फुटपाथ कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। कहीं दुपहिया व चारपहिया वाहनों की पार्किंग। कहीं अस्थायी कपड़े व चप्पल की दुकानें। कहीं दुकानदार के बड़े-बड़े बोर्ड। कहीं भिखारियों को आसन लगाकर भीख मांगते व शराबियों को फुटपाथ पर ही सोते देखा जा सकता है। जिन पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए ये फुटपाथ बनाए गए हैं, बस उन्हीं के लिए ये उपलब्ध नहीं है।

व्यापार के लिए ज्यादा से ज्यादा जगह की भूख में व्यापारियों ने फुटपाथ तक को नहीं छोड़ा है, जिसका नतीजा यह है कि शहर की किसी भी सड़क पर फुटपाथ नाम की कोई सुविधा नजर नहीं आ रही है। शहर की पुरानी बसाहट वाली मुख्य-सड़कों व बाजारों को छोड़ दीजिए। नई और चौड़ी सड़कों में भी अवैध कब्जों के चलते फुटपाथ नाम की कोई सुविधा नहीं रह गई है। शहर में वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या से शहर की सड़कें वैसे भी छोटी हो चुकी हैं। ऊपर से सड़क के दोनो ओर वाहन और विक्रय सामग्रियों के रखने के कारण पैदल यात्रियों के लिए जगह ही नहीं बच पाती और उन्हें सड़क के बीच में चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कुल मिलाकर शहर की जो व्यवस्था है उसके अनुसार पैदल यात्रियों को सड़क पर अपनी सुरक्षा का ध्यान स्वयं रखना होगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन की कोई जवाबदेही नहीं है।




सदर बाजार व गोल बाजार में फुटपाथ पर लगी दुकानें।

**इन जगहों पर है ऐसी हालत**

- गांधी चौक से लेकर जूना बिलासपुर होते हुए कोतवाली चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों की सामग्री, ग्राहकों के वाहन व छोटे व अस्थायी दुकानदारों के सामानों की बिक्री के लिए नजर आ जाएगी।
- कोतवाली चौक से लेकर गोल बाजार व सदर बाजार, करोना चौक होते हुए देवकीनंदन चौक तक भी कहीं भी पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए एक इंच फुटपाथ नहीं बचा है।
- कंपनी गार्डन के बाजू से फुटपाथ पर गन्ना रस, चाट-गुपचुप के ठेले और फल व खिलौनों की दुकानें लग गई हैं।
- सिम्स के सामने फुटपाथ तो है, लेकिन यहां भी कपड़ों की अस्थायी दुकानों से कोई जगह नहीं बची है। सभी दुकानों के सामने ग्राहकों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं।
- मंगला चौक से लेकर महाराणा चौक तक सड़क गौरव पथ कहलाती है। यहां सड़क के दोनों ओर फुटपाथ नहीं रह गया है। इस मार्ग पर दुपहिया और चारपहिया वाहनों के बिक्री केंद्र व सर्विसिंग सेंटरों ने फुटपाथ को निगल लिया है।
- महाराणा प्रताप चौक से लेकर व्यापार विहार मालधक्का तक हवा एवं पंचर की दुकानें व कार के एसी मैकेनिकों ने अपनी दुकानें सजा ली हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर सुप्रीम कोर्ट ने पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ की व्यवस्था करने व फुटपाथ पर बेजा-कब्जा हो जाने के विषय को संज्ञान में लिया है। इस संबंध में बुधवार को जारी निर्देश में सुप्रीम कोर्ट ने सभी प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों को उचित फुटपाथ सुनिश्चित करने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पैदल यात्रियों को फुटपाथ का इस्तेमाल करने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत गारंटीशुदा है।

### परीक्षण करना होगा

इसके लिए सड़कों का तकनीकी परीक्षण कराना होगा। शहर की सभी सड़कों की हालत एक जैसी नहीं है। कुछ सड़कों पर पहले से ही स्थान बेहद कम और ट्रैफिक का दबाव बहुत अधिक है। इन सड़कों पर संतुलन बनाकर व्यवस्था करनी होगी। स्मार्ट सिटी अंतर्गत बनाई गई सड़कों में फुटपाथ बनाए गए हैं।

**-अमित कुमार**, आयुक्त ननि

## ट्रैफिक पुलिस ने की माडीफाई साइलेंसर लगे वाहनों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** शहर में माडीफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चालकों के खिलाफ यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई की गई, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुव्यवस्थित रखा जा सके। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार कोलाहल अधिनियम के अंतर्गत किसी भी वाहन पर प्रेशर हार्न एवं मॉडिफाई प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न किए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश का पालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा निरंतर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश यातायात पुलिस के सभी अधिकारियों, पेट्रोलिंग टीम एवं यातायात बल को दिया गया है। आदेश का पालन करते हुए शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं यातायात की पेट्रोलिंग टीम द्वारा ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले वाहनों पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है, जिसमें यातायात के सहायक उप निरीक्षक इंदल पाटले,धनेश साहू, के के मरकाम एवं टीम के सदस्य प्रधान आरक्षक जावेद अली,यासीन हुसैन,धर्मेश मार्बल,विजय साहू, देव, संतोष राठौर,धनश्याम राठौर ने प्रतिबंधित मोडीफाई युक्त साइलेंसर लगी 8 बुलेट पर कार्यवाही की गई। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक बिलासपुर में बताया कि इस प्रकार के प्रतिबंध साइलेंसर अपने वाहनों पर लगाकर ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न ना करें अन्यथा बिलासपुर पुलिस द्वारा आप पर कार्यवाही की जाएगी और इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## यातायात विभाग के जवानों ने पर्स व मोबाइल लौटाया

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात थाने में पदस्थ स्टाफ को चौक चौबंद के साथ-साथ आम जनता की सहायता करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को यातायात पुलिस के द्वारा अपने पर्स मोबाइल गुमा देने वाले दो महिलाओं का मोबाइल व पर्स वापस किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक पर किसी अज्ञात महिला का पर्स मिला, मौके पर ड्यूटी में उपस्थित यातायात स्टाफ के द्वारा पर्स को कब्जे में लेकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस कंट्रोल द्वारा यातायात के सभी स्टाफ को इस संबंध में सूचना दी गई। पर्स गुम हुई महिला का ड्यूटीरत प्रधान आरक्षक जावेद अली से संपर्क हुआ। जिस पर जावेद अली द्वारा महाराणा चौक से संपर्क कर महिला को महाराणा चौक भेजा। महाराणा चौक में ड्यूटीरत सहायक उप निरीक्षक प्रकाश बाबू कुर्रे, आरक्षक भोला साहू, हेमंत कौशिक द्वारा महिला को पर्स वापस किया गया। पर्स सकुशल वापस पाकर महिला प्रसन्न हुई एवं इस नेक कार्य के लिए बिलासपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार नेहरू चौक में किसी अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल गिरा पड़ा मिला था। चौक पर तैनात प्रधान आरक्षक नाहिद हुसैन, आरक्षक ओंकार कश्यप मोबाइल को अपने अभिरक्षा में रखा, कुछ समय बाद उक्त मोबाइल में फोन आया, जिस पर चौक में तैनात स्टाफ द्वारा नेहरू चौक में मोबाइल लावारिश हालत में मिलना बताया गया। बाद में मोबाइल स्वामी पहुंचकर ड्यूटीरत पुलिस द्वारा मोबाइल वापस किया गया।



## राइसमिल के पीछे दो दिन पुरानी सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी



**बिलासपुर।** सिरगिट्टी में राइसमिल के पीछे दो दिन पुरानी एक कुली की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 15 मई को सिरगिट्टी के लोगों ने जय मां दुर्गा राइसमिल के पीछे एक व्यक्ति को मृत पड़ा देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। लाश दो दिन पुरानी होने से सड़ गई थी। पुलिस को उसके पास मोबाइल मिला। मोबाइल के माध्यम से उसकी पहचान भाठापारा निवासी संतोष साहू 35 साल के रूप में हुई और वह कुली का काम करता था। मृतक पहले तिफरा में रहता था और उसकी मंगला धूरीपारा में शादी हुई थी। उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रह रही है और मृतक 10 साल पहले तिफरा की जमीन बेचकर भाठापारा चला गया था। उसका एक भाई अविनाश साहू परसदा में रहता है। उसका बिलासपुर छोड़ने के बाद मृतक से बातचीत नहीं हुआ था। एफएसएल टीम के द्वारा शव परिक्षण कर जांच की गई है। उसके बाद शव को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। शुक्रवार को परिजन के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। बहरहाल मृतक बिलासपुर क्यों आया था। उसकी जांच की जा रही है।

## बार बाउंसर पर चाकू से हमला आरोपियों का निकाला गया जुलूस



**बिलासपुर।** बार बाउंसर की आंख में मिर्ची पावडर डालकर मारपीट कर चाकू से हमला करने वाले फरार दो भाइयों सहित तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चाकूबाजी कर दहशतगर्दी करने वाले तीनों का शहर में जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। हैवेन्स पार्क होटल के बार में बाउसंर का काम करने वाले तोरवा पुराना पावर हाउस निवासी राजा सिंह ठाकुर 10 मई रात 10 बजे ड्यूटी खत्म होने पर घर जाने होटल से बाहर निकले। बाहर में ओम सलूजा, शिवम सलूजा व अन्य साथी मिले और उसको देखते ही गाली गलौज करने लगे। मना करने पर युवकों ने उनकी आंख में मिर्ची पावडर डालकर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया था। पुलिस ने अपराध कायम कर पतासाजी में जुटी हुई थी। 15 मई को सिविल लाइन पुलिस ने फरार हमलावर ओम सलूजा, शिवम सलूजा नयापारा सिरगिट्टी, धर्मेन्द्र गौतम सिटी कोतवाली थाना के पीछे निवासी को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर शहर में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## पुलिस में रिपोर्ट लिखाने पर युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**■ युवती की फोटो, वीडियो वायरल किया था युवक**

दोस्ती टूटने पर युवक ने युवती की अश्लील फोटो वीडियो इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। युवती के रिपोर्ट लिखाने पर युवक ने उसे फोन लगाकर कहा अब जीने का कोई मतलब नहीं है मर जाउंगा। उसके बाद घर पास पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि कोनी देवनगर निवासी संदीप पाडे पिता रामदास पाडे 23 साल का पिछले तीन साल से एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। इस बीच युवती संदीप से दूरी बनाकर दूसरे युवक से बातचीत करने लगी। जानकारी होने पर संदीप ने युवती को दूसरे युवक से बातचीत करने से मना किया। नहीं मानने पर उसने इंस्टाग्राम में युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर दिया। युवती ने संदीप को फोटो व वीडियो डिलीट करने कहा, किन्तु वह नहीं माना। इस पर 15 मई की सुबह युवती कोनी थाने में उपस्थित होकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस युवक की घर गई तो वह नहीं मिला। पुलिस ने दोपहर 12.40 बजे युवती की रिपोर्ट पर संदीप पांडे के खिलाफ 67 ए, 67 बी आईटी एक्ट व 356, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। रिपोर्ट लिखाने की जानकारी होने पर युवक ने युवती को फोन लगाकर बोला अब जीने का कोई मतलब नहीं है मर जाउंगा।



उसके बाद शाम 4 बजे घर के पीछे झाड़ियों के बीच पेड़ में अपनी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घरवालों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव फंदे से उताकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
26 जुलाई से 01 अगस्त 2025 (सवान में)
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411